


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 210 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 14 मई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर

### मुख्यमंत्री बघेल का बड़ा फैसला, आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों के बढ़ाए गए पद अब 920 पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार युवाओं के हित में आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती के लिए विज्ञापित पदों की संख्या 366 से बढ़ाकर अब 920 कर दी गई है। अब प्रशिक्षण अधिकारियों के 920 पदों पर भर्ती की जाएगी। संचालक रोजगार प्रशिक्षण ने इस संबंध में संशोधित विज्ञापन जारी कर दिया है। जो अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। इन पदों पर भर्ती छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों से की जाएगी।

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से इन पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 8 मई से शुरू हो चुकी है। गौरतलब है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा भर्ती के संबंध में उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए है। जिसके बाद विभागों द्वारा भर्ती की प्रक्रिया तेजी से जारी है।

विभाग की ओर से प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती के लिए जारी संशोधित विज्ञापन में इलेक्ट्रिशियन के 51 पदों को बढ़ाकर 90, कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के 86 पदों को बढ़ाकर 242, कारपेंटर के 02 पदों को बढ़ाकर 09, टर्नर के 06 पदों को बढ़ाकर 10, फिटर के 48 पदों को बढ़ाकर 100 पद, मैकेनिक ट्रैक्टर के 02 पद को बढ़ाकर 3, मैकेनिक डीजल के 32 पद को बढ़ाकर 90, मैकेनिक मोटर व्हीकल के 05 पद को बढ़ाकर 07, वर्कशॉप कैल्युलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्रॉइंग के 72 पद को बढ़ाकर 234 पद, वायरमैन के 02 पद को बढ़ाकर 06, वेल्डर के 30 पद को बढ़ाकर 89, शीट मेटल वर्कर के 01 पद को बढ़ाकर 03, सिविंग टेक्नॉलाजी के 06 पद को बढ़ाकर 12, हॉस्पिटल हाउस कीपिंग के 02 पद को बढ़ाकर 04 किया गया है।

इंफारमेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नॉलाजी सिस्टम मेंटेनेंस के 01 पद, ड्राईवर कम मैकेनिक के 06 पद, ड्राफ्ट्समेन मैकेनिकल के 01 पद, मशीनिष्ट के 04, मशीनिष्ट ग्राइंडर के 01 पद, मेसन (बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर) के 01 पद, मैकेनिक रेफ्रिजेरेशन एंड एयर कंडीशनर के 02 पद, सेक्रेटेरियल प्रेक्टिस (अंग्रेजी) के 02 पद, एम्लायबिलिटी स्किल के 03 पद को यथावत रखा गया है। इन्हें मिलाकर अब कुल 920 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### अनंतनाग के अंडवान संगम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, गोलीबारी हुई

**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के अंडवान सागरम इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर रखा है। सूत्र के अनुसार, आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई है।

पुलिस ने रविवार सुबह कहा कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के अंडवान सागरम इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर हैं। इससे पहले, नगर के मोहल्ला पुरानी पुंछ में संदिग्धों के देखे जाने से पुंछ शहर में भी सुरक्षा अलर्ट पर है। आतंकियों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

# सिद्धारमैया या शिवकुमार
# कर्नाटक का सीएम कौन?

## पार्टी मीटिंग से पहले क्या बोले कांग्रेस सांसद



### चुनाव जीत के बाद क्या बोले डीके शिवकुमार?

कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस की जीत के बाद डीके शिवकुमार ने कहा- मैं पार्टी के इस जीत का श्रेय पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को देता हूं। लोगों ने हमपर भरोसा जताया और नेताओं ने हमलोगों का समर्थन किया। हम सामूहिक लीडरशिप में एकसाथ मिलकर काम करेंगे। मैने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से कहा था कि कर्नाटक को बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगे। 2013 से 2018 तक कर्नाटक के सीएम रहे सिद्धारमैया ने 2006 में जेडीएस का साथ छोड़कर कांग्रेस से जुड़े थे। कर्नाटक की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी कुर्बा समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले सिद्धारमैया ने 2013 में सीएम पद के लिए मल्लिकार्जुन खरगे को पछाड़ा था। 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले सिद्धारमैया ने घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी चुनावी साल होगा।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद अब लोग इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि सीएम पद के लिए सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच पार्टी किसे चुनेगी? इसी बीच डीके शिवकुमार के भाई और कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने अपने भाई को सीएम बनाने की इच्छा जताई है।

उन्होंने कहा कि अगर डीके शिवकुमार को सीएम बनाया जाता है तो वह बेहद खुश होंगे। कांग्रेस विधानसभा दल ने आज बेंगलुरु में साढ़े पांच बजे विधायकों की मीटिंग रखी है, जिसमें सभी विधायक राज्य के नए सीएम के लिए अपना वोट देंगे। आठ बार के विधायक रहे डीके शिवकुमार वोक्कालिगा समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो लिंगायतों के बाद दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है। अपने छात्रवस्था से ही शिवकुमार कट्टर कांग्रेस समर्थक थे। उन्होंने महज 27 साल की उम्र में अपना पहला चुनाव लड़ा था।

## नंदकुमार साय का बीजेपी पर हमला, कहा-पीएम मोदी का मैजिक खत्म' जनता जाग चुकी है, कांग्रेस मजबूत हो रही है



कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर छत्तीसगढ़ की सियासत गरमाई हुई है। मामले में बीजेपी और कांग्रेस एक दूसरे पर हमलावार हैं। जमकर आरोप-प्रत्यारोप चल रहे हैं। इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता नंदकुमार साय ने बीजेपी पर जोरदार तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अब पीएम नरेंद्र मोदी का जादू खत्म हो चुका है। जनता जाग चुकी है। हिमाचल प्रदेश के बाद कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से ये साबित हो गया है कि अब बीजेपी की दाल नहीं गलने वाली है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम पर नंदकुमार साय ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस का ये अभूतपूर्व प्रदर्शन है। ऐतिहासिक जीत है। वर्ष 2024 के लिए जीत की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राम और बजरंग बली के सहारे अब बीजेपी की नैया पार नहीं होने वाली है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बजरंग बली की जयकारे खूब लगाए थे पर जनता होशियार है। वह अब इसके बहकावे में नहीं आने वाली है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस को जनादेश देकर बता दिया है कि लोग धर्म, जाति, संप्रदाय और हिंसा आदि के चक्कर में नहीं पड़ने वाले हैं। जनता विकास चाहती है और वह विकास के लिए ही वोट देती है। पीएम मोदी का मैजिक अब खत्म हो चुका है। साय ने दावा करते हुए कहा कि कर्नाटक की तरह ही छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी। कर्नाटक के चुनाव परिणाम ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। पीएम मोदी ने काफी मेहनत की थी पर कांग्रेस की सरलता, सहजता काम आई। कांग्रेस मजबूत हो रही है।

## सीएम बोले-दो अंक में सिमटी भाजपा, कांग्रेस मुक्त भारत की बात करने वाले हुए दक्षिण भारत से मुक्त



बिलासपुर में कल प्रेसवार्ता में शामिल हुए सीएम भूपेश बघेल बीजेपी पर जमकर बरसे। सीएम ने कर्नाटक चुनाव परिणाम के जरिए पीएम मोदी के साथ ही बीजेपी के शीर्ष नेताओं पर जमकर निशाना साधा। सीएम बघेल ने कहा कि आज शनिवार है बजरंगबली का दिन है और बजरंगबली किसके साथ हैं कर्नाटक और जनता ने बता दिया है। कहा जाता है कर्नाटक में अंजनेय पहाड़ है जहां हनुमान जी की जन्म स्थली है और वहां जो अधर्मी है उस पर जबरदस्त गदे का प्रहार हुआ है।

भाजपा के लोग जो सरकार बनाने वाले थे वह दो अंक में ही सिमट गए हैं। आज जो लोग धर्म की आड़ में राजनीति कर रहे थे वहां बजरंगबली ने कड़ा प्रहार कर किया है। बजरंगबली ने अपना चमत्कार दिखाया है। कर्नाटक की जनता को बधाई जिन्होंने हमारे नेतृत्व पर विश्वास किया। राहुल, सोनिया, प्रियंका और वहां के प्रदेश नेतृत्व पर जनता ने भरोसा किया। आगे उन्होंने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के नेता खासकर मोदी जी को कहना चाहूंगा कि अपने नाम से, अपने चेहरे के आंसू पर वोट मांग रहे थे, लेकिन कर्नाटक की जनता बार-बार मन की बात नहीं सुनेगी। हमारी मन की बात कौन सुनेगा वहां की जनता ने आज बता दिया है। प्रदेश में महंगाई है, बेरोजगारी है, भ्रष्टाचार है हम उसके खिलाफमतदान करेंगे और उन्होंने करके दिखाया है।

आगे सीएम ने कहा कि जैसे हिमाचल प्रदेश में जो हिमालय में बसा हुआ है वहां 90 प्रतिशत हिंदू रहते हैं वहां हमारी एकतरफा जीत हुई है। समुद्र किनारे बसे कर्नाटक में भी हमें सफलता मिली है। अब भारतीय जनता पार्टी दक्षिण भारत से मुक्त हो चुकी है। जो कांग्रेस मुक्त भारत की बात करते थे आज दक्षिण भारत से भारतीय जनता पार्टी की मुक्ति हो चुकी है। आने वाले समय में जनता अपने मुद्दों पर मतदान करना चाहती है। यही पूरे देश की हालत बनती जा रही है। आगे सीएम ने कहा कि, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हिमाचल प्रदेश से आते हैं और हिमाचल प्रदेश में अपनी साख को नहीं बचा पाए। दूसरी बात यह है कि राहुल गांधी 7 सितंबर से पदयात्रा कन्याकुमारी से शुरू किए और केरल के बाद कर्नाटक में प्रवेश किए। उसके बाद जो वातावरण में सुधार हुआ उसका लाभ कांग्रेस को हुआ।

सीएम ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे कर्नाटक से आते हैं और भारी बहुमत से कर्नाटक में कांग्रेस जीती है। इसके लिए खड़गे, सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी को बधाई देता हूं। आगे सीएम ने कहा कि, हार का ठीकरा निश्चित रूप से मोदी जी पर फूटना चाहिए। क्योंकि उन्होंने चुनाव को अपने ऊपर ले लिया था। वह लगातार गिनती गिन रहे थे कि कांग्रेस ने मुझे इतनी बार गाली दिया। लगातार बजरंगबली का जयकारा कह रहे थे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी पर बजरंगबली ने गदा प्रहार किया।

आगे सीएम ने कांग्रेस नेताओं के भाजपा से संपर्क के सवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि, अरुण साव जी को बहुत धन्यवाद कि अब वह भी मौसम वैज्ञानिक बन गए हैं। वह जान चुके हैं, उन्होंने सबसे पहले कहा कि हम योगी के रास्ते में चलेंगे, बुलडोजर चलाएंगे। उनको पहले से पता था मोदी जी का जादू खत्म हो गया है, जादू उतर रहा है। अरुण साव ठीक पहचाने हैं बुलडोजर चलाने की बात कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के होनहार मल्लखंब खिलाड़ियों ने भूटान में लहराया परचम, विश्व चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मैडल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के 3 मल्लखंब खिलाड़ियों संतोष शोरी और सन्ताय पोटाई व जयंती कचलाम ने 9 मई से 12 मई 2023 को भूटान में आयोजित द्वितीय वर्ल्ड मल्लखंब चैम्पियनशिप में भारत की राष्ट्रीय टीम में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खेल मंत्री उमेश पटेल ने इन खिलाड़ियों को इस स्वर्णीम उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि अबूझमाड़ के खिलाड़ियों ने वर्ल्ड मल्लखंब चैम्पियनशिप में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरते हुए अपने कौशल और हुनर से सभी का दिल जीता और स्वर्ण पदक जीतकर विश्व पटल पर भारत और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। उन्होंने इन खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भूटान में आयोजित द्वितीय वर्ल्ड मल्लखंब चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ के तीनों ही खिलाड़ियों ने बालक और बालिका वर्ग की टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। संतोष शोरी राष्ट्रीय बालक टीम और सन्ताय पोटाई व जयंती कचलाम राष्ट्रीय बालिका टीम की ओर से चैम्पियनशिप में खेले। ये तीनों ही खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ क्षेत्र के



निवासी है, अबूझमाड़ भारत का ऐसा जनजातीय क्षेत्रों से एक है जिसे हम आज भी अनछुआ मानते हैं, यहां के लोगों की जीवनशैली खेती, जंगल से जुड़ी है। यहां से निकलकर इन खिलाड़ियों ने विश्व पटल पर अपनी चमक बिखेरी है। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड मल्लखंब चैम्पियनशिप में भारत, जापान, अमरीका, साउथ अफ्रीका, ब्राजील, बहारिन आदि कई देशों के 200 से ज्यादा खिलाड़ियों ने शिरकत की।

**अबूझमाड़ के खिलाड़ियों ने बनाई अपनी पहचान**

छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और संवेदनशील क्षेत्र से निकल कर इन खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर अपनी पहचान बनाई है। संतोष शोरी नारायणपुर के देवगांव, पोर्टा केबिन स्कूल में कक्षा पांचवी (2017) से मल्लखंब का अभ्यास शुरू किया, 2020 बिलासपुर इन्विटेशनल नेशनल चैंपियनशिप में उन्हें पहला स्वर्ण पदक मिला। इसके बाद सितंबर 2021 में उज्जैन में आयोजित प्रतियोगिता में 2 मेडल भी प्राप्त किए। 2022 जून खेलो इंडिया में 1 कांस्य पदक, 2022 अक्टूबर में गुजरात में आयोजित नेशनल गेम्स में 1 कांस्य पदक, 2023 फरवरी खेलो इंडिया में 2 कांस्य पदक भी प्राप्त किए। संतोष शोरी ने अब राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कुल 18 पदक जीते हैं। इसी तरह संताय पोटाई राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर 17 पदक जीत चुकी हैं। जयंती कचलाम कक्षा 12वीं की छात्रा हैं, वे पिछले 4 वर्षों से मल्लखंब का अभ्यास कर रही हैं और अब तक राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कुल 14 पदक जीत चुकी हैं। इन खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर भारत की राष्ट्रीय टीम में चयन हुआ।

## कुसमुंडा खदान में केबल चुराने पहुंचे चोरो पर सुरक्षा कर्मियों ने की फायरिंग



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एसईसीएल की कुसमुंडा कोल खदान में बीती रात सुरक्षा कर्मियों ने गोली चलाई। बताया जा रहा है कि खदान में चोरी की नीयत से कुछ बदमाश घुसे थे। जैसे ही सुरक्षाकर्मियों को इसकी जानकारी हुई तो फायरिंग की। फायरिंग की आवाज सुनकर काम करने वाले ग्रामीणों ने काम बंद कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सुरक्षा एजेंसी त्रिपुरा रायफल्स द्वारा गोली चलाई गई।

मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में शनिवार आधी रात केबल चोरी के इरादे कुछ बदमाश घुसे थे। सुरक्षा एजेंसी त्रिपुरा रायफल्स द्वारा चोरों पर फायरिंग की गई। फायरिंग के बाद खदान में ग्रामीणों ने काम बंद कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच शुरू की। पुलिस ने गोली चलने की बात से इनकार किया है। यही नहीं जिन चोरों पर फायरिंग की गई वे भी खदान में नहीं मिले। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## हिमाचल के बाद कर्नाटक में छत्तीसगढ़

श्रीकंचनपथ



गुस्ताखी माफ
- दीपक रंजन दास

बाबा चौपाल में ही अच्छे लगते हैं। यही भारतीय संस्कृति और परम्परा है। घर के जवान और किशोर सुबह-सुबह हल-बैल लेकर खेतों के लिए निकल जाया करते थे। दोपहर की रोटी खेत पर ही पहुंचाई जाती थी। शाम को वो थके हारे घर लौटते, भोजन करते और फिर थोड़ा वक्त परिवार के साथ बिताने के बाद विश्राम के लिए चले जाते। अगली सुबह फिर उठना जो होता था। बूढ़े और अशक्त बाबा चौपाल में बैठकर गप्पे लड़ाया करते। चिलम पीते, हुक्का गुड़गुड़ाते, दहला पकड़ खेलकर वक्त गुजारते। बाबा परिवार की दिनचर्या में कोई दखल नहीं देते। उन्हें भी पता होता था कि धर्म-कर्म सबकुछ तभी संभव है जब रसोई में चूल्हा जले और पेट में अन्न पहुंचे। पेट भरा हो तो नींद भी अच्छी आती है और सपने भी सुन्दर होते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने इस संस्कृति के मर्म को समझा। उसने किसानों को मजबूत करने के प्रयास तो शुरू किये ही, महिला स्व सहायता समूहों को भी मजबूत करना शुरू कर दिया। छत्तीसगढ़ में खेती किसानी के प्रति रुझान लौटा है। गांवों में खुशहाली आ रही है और उसका असर शहरों के बाजार पर भी देखा जा रहा है। इसलिए जब छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार हिमाचल में जाकर अपनी उपलब्धियां बताती है तो लोग उनपर यकीन करते हैं। सिर्फ इतना कह देना ही काफी होता है कि अब हिमाचल की सरकार भी छत्तीसगढ़ के नक्शेकदम पर चलेगी। जिस गोबर से लोगों का अपमान किया जाता था वही गोबर पैसे भी दे सकता है और गाय-बैल की जिन्दगी भी सुरक्षित कर सकता है, यह तो किसी ने सोचा ही नहीं था। ऊपर से यही गोबर - खाद और ईंधन का भी काम करेगा, यह तो सोने पर सुहागा था। इस समय देश आर्गेनिक का दीवाना हो रहा है। यह सही समय है जब गोबर खाद और गोधन ईंधन की योजनाओं पर तेजी से अमल किया जाए। छत्तीसगढ़ का यह जादू कर्नाटक में भी चल गया। कांग्रेस मुक्त भारत अभियान चला रही भाजपा के लिये भी यह एक सबक है। भाजपा को कर्नाटक में 66 सीटों पर जीत मिली है। वहीं कांग्रेस ने 66×2+3=135 सीटों पर जीत हासिल की है। इस जीत ने राहुल के कद को बढ़ाने के साथ ही भारत जोड़ो यात्रा पर भी मुहर लगा दी है। दरअसल, बहुसंख्यक भारतीयों का पेट आज भी इतना नहीं भरा की वह धार्मिक उन्माद को प्रश्रय दे सके। वैसे भी धर्म है क्या? एक किसान के लिए अन्न, फल और सब्जियां उगाना ही उसका धर्म है। एक व्यापारी के लिए इस उत्पाद को ग्राहकों तक पहुंचाकर इसे धन में तब्दील करना ही उसका धर्म है। सेना का, पुलिस का, पुरोहितों का, शिक्षकों का यहां तक कि नेताओं का भी अपना-अपना धर्म निश्चित है। सब अपने-अपने धर्म या कर्तव्यों का पालन भली-भांति करें, तभी देश की प्रगति, लोगों की खुशहाली और सलामती सुरक्षित हो सकती है।



## संपादकीय

### मौसम की तल्खी

हाल के दिनों में मौसम के मिजाज में आये अप्रत्याशित बदलाव ने मौसम विज्ञानियों को चौंकाया है। सामान्य लोग भले ही कहते रहे हैं कि मई में फरवरी-मार्च के मौसम का अहसास हो रहा है, क्या मई में गर्मी आयेगी? लेकिन यह स्थिति इतनी सामान्य बात नहीं है। इस परिवर्तन के गहरे निहितार्थ हैं और हमारे मौसम चक्र के लिये यह शुभ संकेत कदापि नहीं है। मौसम के बदलावों से हमारी वनस्पति, फसलों व फलों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और उनका स्वाभाविक विकास भी बाधक होता है। कहा जा रहा है कि यह असामान्य मौसम आज के दौर का नया सामान्य है। पिछले मार्च में अचानक गर्मी का बढ़ जाना और मई में तापमान का सामान्य से कम हो जाना अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। मार्च में गेहूं की फसल के पकने के समय बढ़ी गर्मी से इसके उत्पादन में कमी आने की बात सामने आई थी। चौंकाने वाली बात यह भी है कि मई माह में हिमालय पर्वत शृंखलाओं की ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ। निस्संदेह, इस मौसम में जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व हिमाचल में कम ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात होना आश्चर्य की ही बात है। ये दुर्लभ घटनाएं हमारी चिंता का विषय होनी चाहिए। कहने को तो कहा जा रहा है कि रिकॉर्ड निम्न तापमान गर्मी से राहत देने वाला है, लेकिन मौसम के मिजाज में बदलाव हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौसम में इस तरह के उतार-चढ़ाव दरअसल जलवायु संकट का विस्तार बताये जाते हैं। आशंका जतायी जा रही है कि इस बदलाव का असर मानसून की गुणवत्ता पर भी पड़ सकता है। जो एक गंभीर विश्लेषण की मांग करता है। मौसम विज्ञानियों को आशंका है कि पृथ्वी के लगातार गर्म होने के बीच मौसम के चरम की ऐसी घटनाएं हमारे सामान्य जीवन पर प्रतिकूल असर डाल सकती हैं। जिसकी चुनौती का समय रहते मुकाबला जरूरी है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों भारत व पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी देखी गई थी। वैज्ञानिक आशंका जता रहे हैं कि वर्ष 2031 से 2060 के बीच भीषण गर्मी पड़ सकती है। गर्मी की यह तीव्रता कालांतर वर्ष 2071 से 2100 के बीच दोगुनी हो सकती है। मौसम विज्ञानियों के अध्ययन से पता चलता है कि भारत में वर्ष 2000 से 2004 और 2017 से 2021 के बीच अत्यधिक गर्मी से होने वाली मौतों में 55 फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, अरब सागर के गर्म होने से उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में गर्मी की तीव्रता में तेजी आने की आशंका जतायी जा रही है। निस्संदेह, भविष्य के आसन्न संकट को देखते हुए हमें ठोस योजनाएं बनाने की जरूरत है। सार्वजनिक सुरक्षा की बड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए ताप से बचाव की एक व्यापक कार्य योजना बनाना वक्त की जरूरत है। हमें शहरों को नुकसान से बचाने के लिये तैयार रहना होगा क्योंकि हमारे सामने पूरी तरह से नई परिस्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। खासकर समाज के कमजोर वर्गों की पहचान करने की जरूरत है। यह तथ्य भुलाया नहीं जा सकता है कि मौसम की तीव्रता का असर समाज के गरीब तबके पर अधिक होता है। अब चाहे लू हो, शीत लहर हो या बाढ़- इसका शिकार यही गरीब तबका होता है। निस्संदेह, सबसे पहले आर्थिक रूप से कमजोर आबादी की पहचान की जानी चाहिए। फिर आपातकालीन स्थितियों से मुकाबले के लिये बुनियादी ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। साथ ही गर्मी के जोखिम से जुड़े स्वास्थ्य के खतरों के मद्देनजर जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। समाज में कॉरपोरेट्स और स्वैच्छिक संगठनों को कस्बों और शहरों में पीने योग्य पानी की सुविधा जुटाने के लिये सहयोग करना चाहिए। सरकारों का दायित्व है कि गर्म होते पर्यावरण के मद्देनजर वे तत्काल वित्तीय व तकनीकी सहायता प्रदान करें। शहरों में हरियाली का विस्तार समस्या के निस्तारण में मूल्यवान निवेश साबित होगा। इसके अलावा गर्मी से बचाव के लिये परंपरागत भवन निर्माण शैली के साथ सामंजस्य बैठाकर अनुकूल निर्माण तकनीकों को प्रोत्साहित करना होगा।

> निस्संदेह, भविष्य के आसन्न संकट को देखते हुए हमें ठोस योजनाएं बनाने की जरूरत है। सार्वजनिक सुरक्षा की बड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए ताप से बचाव की एक व्यापक कार्य योजना बनाना वक्त की जरूरत है। हमें शहरों को नुकसान से बचाने के लिये तैयार रहना होगा क्योंकि हमारे सामने पूरी तरह से नई परिस्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। खासकर समाज के कमजोर वर्गों की पहचान करने की जरूरत है। यह तथ्य भुलाया नहीं जा सकता है कि मौसम की तीव्रता का असर समाज के गरीब तबके पर अधिक होता है।

> यह चुनाव कांग्रेस ने हुकूमत के ढीले रवैये और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ा था। आजिज मतदाताओं ने भी धर्म के जंजाल में फंसे बिना सिर्फ बदलाव के लिए वोट दिया। यही वह मुकाम है, जहां से कांग्रेस की चुनौती शुरू होती है। उसे पांच साल स्थिर सरकार देनी है और इसके लिए ऐसा मुख्यमंत्री चुनना है, जो जनहित के एजेंडे को आगे बढ़ा सके। सभी चुनाव पूर्व सर्वे में मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धरमैया को सर्वाधिक लोगों ने पसंद किया था।

# कांग्रेस की कर्नाटक जीत का अर्थ

शशि शेखर



कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने जबरदस्त बहुमत हासिल कर शाबाशी का हक हासिल कर लिया है। यह प्रदेश पहले से देश की सबसे पुरानी पार्टी को संजीवनी देने का काम करता रहा है, लेकिन इस बार पार्टी को एक बड़े राज्य में जीत की बेहद जरूरत थी।

इस चुनाव में कांग्रेस ने पुरानी गलतियां न दोहराने का संकल्प कर रखा था। कार्यकर्ताओं और नेताओं को बेजा बोल या अंदरूनी मतभेद सार्वजनिक तौर पर न व्यक्त करने की कड़ी हिदायत थी। यह काम आसान न था। एस सिद्धरमैया और डी के शिवकुमार में पुरानी तनातनी के कारण भितरघात का भय था। इससे निपटने के लिए अनोखी रणनीति अपनाई गई। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान दोनों नेता एक-दूसरे को गलबहियां डाले दिखे थे। यह सिलसिला चुनाव तक कायम रहा। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी अपने चुनावी अभियानों को नए तेवर दिए। इसके चलते कभी प्रियंका डोसा बनाती दिखतीं, तो राहुल दौड़ती सिटी बस में महिलाओं से बात करते होते थे। 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भी राहुल गांधी ने यहां करीब तीन हफ्ते का वक्त बिताया था। वह जिन जगहों से गुजरे, वहां पर कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन बताता है कि राहुल अपनी पुरानी छवि बदलने में कामयाब हुए हैं। हिमाचल के बाद कर्नाटक की जीत ने पार्टी के अंदर और बाहर प्रियंका गांधी के बढ़ते प्रभाव को साफ तौर पर रेखांकित किया है।

आप चाहें, तो याद कर सकते हैं कि हिमाचल में उन्होंने चुनाव की कमान अकेले संभाली थी। सोनिया गांधी ने स्वास्थ्य कारणों से खुद को दूर रखा था और राहुल 'भारत जोड़ो यात्रा' में व्यस्त थे। कर्नाटक में राहुल और प्रियंका, दोनों ने अपने भाषणों और भेंट वार्ताओं में पार्टी या खुद को 'प्रोजेक्ट' करने की जगह आम आदमी के दुख-दर्द को तरजीह दी। यही वजह है कि कांग्रेस ने इस चुनाव में प्रदेश के सभी हिस्सों और समुदायों में बेहतर प्रदर्शन किया। खासतौर पर लिंगायत बहुल सीटों में कांग्रेस ने प्रतिद्वंद्वियों से ज्यादा सीटें हासिल कर प्रेक्षकों को चौंका दिया है। इस समुदाय के सबसे प्रभावी नेता येदियुरप्पा तक कांग्रेस के विजय रथ की रास नहीं थाम सके। इसके साथ वोक्कालिगा वोटों में सेंधमारी कर कांग्रेस ने जनता दल(एस) की भी नींव पर प्रहार किया है। जद(एस) के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को सपने में आशंका नहीं रही होगी कि घर का चिराग तक अपनी सीट गंवा देगा। रामनगरम् से एच डी कुमारस्वामी के पुत्र निखिल की हार बताती है कि वोटर को बपौती नहीं माना जा सकता।

यह चुनाव कांग्रेस ने हुकूमत के ढीले रवैये और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ा था। आजिज मतदाताओं ने भी धर्म के जंजाल में फंसे बिना सिर्फ बदलाव के लिए वोट दिया। यही वह मुकाम है, जहां से कांग्रेस की चुनौती शुरू होती है। उसे पांच साल स्थिर सरकार देनी है और इसके लिए ऐसा मुख्यमंत्री चुनना है, जो जनहित के एजेंडे को आगे बढ़ा सके। सभी चुनाव पूर्व सर्वे में मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धरमैया को सर्वाधिक लोगों ने पसंद किया था। क्या आलाकमान उन्हें मौका देगा? क्या डी के शिवकुमार और उनके समर्थक इसका धैर्यपूर्वक समर्थन करेंगे? यह भी चर्चा है कि ये दोनों गुट यदि एक-दूसरे के निषेध पर दृढ़ हो जाते हैं, तो मल्लिकार्जुन खड़गे को कमान सौंपी जा सकती है। यदि ऐसा होता है, तो कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? या, आम सहमति के अभाव में कर्नाटक के किसी अन्य नेता की बन आएगी? यकीनन, पार्टी इस पर मंथन कर रही होगी, मगर राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट की तनातनी को देखते हुए यह चुनौती विकराल हो जाती है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सलीम अहमद ने डी के शिवकुमार को मुख्यमंत्री पद का सबल दावेदार बताकर आशंकाओं की आग में घी झोंक दिया है। कांग्रेस आलाकमान के लिए अगले कुछ दिन आग और पानी के होंगे।

अब भारतीय जनता पार्टी पर आते हैं। भाजपा ने सत्ता जरूर गंवाई है, पर आधार नहीं। वह विधानसभा से सड़क तक सरकार की नाक में दम करने की क्षमता रखती है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक हासिल आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा ने शहरी क्षेत्रों में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है। क्या प्रधानमंत्री की जबरदस्त 'कैंपेनिंग' सत्ता-विरोधी रुझान को कम करने में सफल रही? ग्रेटर बेंगलुरु का उदाहरण बहुत कुछ साफ कर देता है। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने कई किलोमीटर लंबा रोड शो किया था। इस इलाके में भाजपा को कांग्रेस से ज्यादा सीटें मिली हैं।

यह प्रधानमंत्री के आकर्षण की मुनादी अवश्य करता है, परंतु भारतीय जनता पार्टी को सबक लेने की प्रेरणा भी यहीं से मिलनी चाहिए। नरेंद्र मोदी की चुंबकीय स्वीकार्यता के बावजूद यह सत्य है कि प्रदेशों के चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़े जाते हैं। उदाहरण देता हूं। हिमाचल प्रदेश से मोदी का सीधा लगाव रहा है। उन्होंने वहां खुद को दांव पर लगा दिया था, मगर भाजपा हार गई। क्यों? मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अलोकप्रियता और संगठन की अंदरूनी दरारों से पार्टी का वोट बैंक लगातार रिस रहा था। कर्नाटक इस सिलसिले की अगली कड़ी साबित हुआ है।

भाजपा को तयशुदा तौर पर काम करने वाले क्षत्रपों की सख्त जरूरत है। उत्तर प्रदेश की सरकार और योगी आदित्यनाथ इसके जीते-जागते उदाहरण हैं। कर्नाटक के साथ उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनावों और विधानसभा उप-चुनावों के नतीजे भी आए। दोनों उप-चुनाव भाजपा गठबंधन ने जीते। इसके साथ मेयर की सभी 17 सीटें और सर्वाधिक नगर पालिकाओं में जीत हासिल कर भगवा पार्टी ने अपना वर्चस्व बढ़ाने का काम किया है। सात वर्ष के सत्ता-काल के बावजूद एंटी इन्कंबेंसी को अपने से दूर रखना साधारण बात नहीं। जालंधर लोकसभा सीट का उप-चुनाव जीतकर आम आदमी पार्टी ने भी यही संदेश दिया है।

एक और बात। कर्नाटक में जनता दल (एस) अपने संस्थापक एच डी देवेगौड़ा की तरह वार्धक्य की ओर बढ़ रहा है। अगर पुरानी कहावत का सहारा लें, तो एच डी कुमारस्वामी उस बंदर की तरह घात लगाए बैठे थे, जो दो बिल्लियों की लड़ाई में रोटी उड़ा ले जाता है। पिछली बार कांग्रेस और भाजपा, दोनों बहुमत से दूर रहे थे और उन्हें मुख्यमंत्री बनने का मौका मिल गया था। इस बार उनको निराशा का सामना करना पड़ा है।

क्या कर्नाटक के चुनाव का 2024 के लोकसभा चुनावों पर भी असर पड़ेगा? 1990 के दशक से आज तक यह प्रदेश विधानसभा और लोकसभा के लिए अपनी अलग-अलग पसंद जाहिर करता रहा है। लेकिन इतना तय है कि इस जीत ने कांग्रेस को विपक्ष के अन्य सहयोगियों के मोल-तोल से जूझने की शक्ति दे दी है। यकीनन, आने वाले दिन राजनीति में रुचि रखने वालों के लिए दिलचस्प साबित होने जा रहे हैं।

# तुर्क गांधी ने तानाशाहों से दो-दो हाथ करना सिखाया


केमल किलिकडारोग्लू, राजनेता

इस वक्त जब आप केमल किलिकडारोग्लू (केके) के बारे में यह आलेख पढ़ रहे हैं, अब से चंद घंटे बाद तुर्की के मतदाता इनके राजनीतिक भाग्य का फैसला करने के लिए कतारों में खड़े होंगे। इस बार वहां के राष्ट्रपति चुनाव पर दुनिया भर की निगाहें लगी हैं, क्योंकि पिछले 20 वर्षों से सत्ता पर काबिज रेसेप तैयप एर्दोगन को केके कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उत्सुकता इसलिए भी है कि हालिया सर्वेक्षणों ने केके को राष्ट्रपति एर्दोगन से अधिक लोकप्रिय बताया था। जिस उम्र को हमारे यहां वार्धक्य की कसौटी के रूप में पेश किया जाता है, उस पड़ाव पर खड़ा एक अल्पसंख्यक समुदाय का शख्स करोड़ों तुर्कों की उम्मीदों का आधार कैसे बन बैठा?

आज से करीब 74 साल पहले पूर्वी तुर्की के टुंजेली सूबे में एक छोटे-से कस्बे में केके पैदा हुए थे। भूमि निबंधन विभाग में मुलाजिम पिता के कंधों पर सात बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी थी, इसलिए होश संभालते ही केके भी समझौते की जिंदगी के आदी हो गए थे। सरकारी मुलाजिम पिता का तबादला एक से दूसरे कस्बे में होता रहा और उनके साथ-साथ पूरे कुनबे को बार-बार, लगातार शहर बदलना पड़ा। यकीनन, बच्चों के लिए यह असुविधाजनक बात थी, मगर ये तबादले अलग-अलग मिजाज के शहरों और अलग-अलग तबीयत के लोगों के बीच जीने का तजुर्बा भी दे गए।

केके के माता-पिता अलेवी थे। यह शिया समुदाय का ही एक हिस्सा है, मगर शिया संप्रदाय इस्लाम की जो व्याख्या करता है, उससे इसकी व्याख्या अलग है। लिहाजा तुर्की में यह समुदाय सरकारी दमन का शिकार बनता रहा। केके के माता-पिता को भी पचास के दशक में अपनी पहचान छिपानी पड़ी थी। उन्होंने अपना उपनाम काराबुलुत से किलिकडारोग्लू बदल लिया, ताकि सरकारी मुलाजमत पर आंच न आए और वे सब फाकाकशी से बच सकें। मगर जिंदगी सिर्फ भूख मिटा लेने से कहां कटती है? परिवार के सभी सदस्यों के अपने-अपने तकाजे थे। ऐसे में, बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ काम भी करना पड़ा। केके को भी अपने भाइयों के साथ सड़कों पर घूम-घूमकर सामान बेचना पड़ा। मगर उन्होंने पढ़ाई से कभी समझौता नहीं किया। जमात-दर-जमात इम्तिहानों के शानदार नतीजे उनके लिए शिक्षकों का भरपूर स्नेह बटोर लाते रहे।

सन् 1967 में हाई स्कूल की परीक्षा में अव्वल मुकाम हासिल करने वाले केके का गाजी यूनिवर्सिटी ने बाहें पसारकर स्वागत किया। मगर 1971 में जब वह



अर्थशास्त्र और वित्त में स्नातक की डिग्री लेकर वहां से निकले, तो आगे पढ़ने की हसरत के बावजूद उन्हें पारिवारिक वजहों से नौकरी तलाशनी पड़ी। वित्त मंत्रालय में बतौर 'जूनियर अकाउंटेंट' वह नियुक्त हुए। बेलौस ईमानदारी और काम के प्रति प्रतिबद्धता ने केके को न सिर्फ विभागीय तरक्की दिलाई, बल्कि कम उम्र में ही उन्हें प्रशिक्षण के लिए फ्रांस भेजा गया।

सन् 1983 की बात है। केके की काबिलियत को देखते हुए हुकूमत ने उन्हें राजस्व विभाग का उप-महानिदेशक बना दिया। इस हैसियत में उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री तुर्गुत ओजाल के कामकाज को करीब से देखा। तुर्गुत तुर्की की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने को लेकर बेहद उत्साही थे। ग्रीस के साथ रिश्ते सुधारने के अलावा उन्होंने मुल्क में कई आर्थिक सुधार लागू किए। केके भी उस तंत्र का एक हिस्सा रहे। साल 1992 में उन्हें सामाजिक सुरक्षा संस्थान का निदेशक नियुक्त किया गया। यह एक ऐसा महकमा था, जो केके के मिजाज के मुफीद था।

इस संस्थान में काम करते हुए केके ने हाशिये के लोगों के हक में कई नीतियों को आगे बढ़ाने का काम किया। उन नीतियों का जमीनी असर भी दिखा। नतीजतन, वह देश के सबसे दक्ष प्रशासकों में गिने गए। साल 1994 में एक लोकप्रिय पत्रिका ने केके को 'ब्यूरोक्रेट ऑफ द ईयर' घोषित किया। कुछ वर्षों बाद केके को यह महसूस होने लगा था कि सरकारी मुलाजमत की अपनी सीमाएं हैं और वह मौजूदा महकमे को अपना सर्वश्रेष्ठ दे चुके हैं। लिहाजा, 51 साल की उम्र में ही उन्होंने प्रशासनिक जिम्मदारियों से मुक्ति मांग ली।

तंत्र के भीतर पसर रही काहिली और गहराते भ्रष्टाचार से केके पहले से वाकिफ थे, मगर 1999 के इज्मित भूकंप के समय ये दोनों बुराइयां जिस रूप में सामने आईं, उससे केके आहत हो उठे। मगर प्रभावी हस्तक्षेप के लिए राजनीति में उतरने को लेकर वह ऊहापोह में थे। आखिरकार 2001 के वित्तीय संकट के बाद वह चुप न रह सके। उन्होंने अर्थव्यवस्था व प्रशासन में बड़े बदलावों की मांग की। उनकी छवि व लोकप्रियता को देखते हुए साल 2002 में 'रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी' ने केके से अनुरोध किया कि वह उसके टिकट पर संसदीय चुनाव लड़ें। यह वही पार्टी है, जिसकी नींव मुस्तफा कमाल पाशा ने रखी थी।

केके चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। साल 2010 में पार्टी ने उन्हें अपना मुखिया चुना, तब से उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती गई। राष्ट्रपति एर्दोगन के अधिनायकवादी रवैये के खिलाफ जब केके ने मार्च 2017 में अंकारा से इस्तांबुल तक की लगभग 450 किलोमीटर की पदयात्रा की, तो हजारों लोग उनके पीछे सड़कों पर उमड़ आए। उस पदयात्रा ने उन्हें तुर्की के जननायक के रूप में स्थापित कर दिया। स्थानीय मीडिया ने तो 'तुर्की के गांधी' की उपाधि दे डाली थी।

महात्मा गांधी के दर्शन से प्रभावित केमल किलिकडारोग्लू यदि आज राष्ट्रपति चुनाव जीतते हैं, तो यह अतातुर्क मुस्तफा कमाल पाशा को एक नायाब श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने आज से 100 वर्ष पहले 29 अक्तूबर, 1923 को तुर्की गणराज्य की स्थापना की थी। बहरहाल, शांति और लोकतंत्र के सच्चे पैरोकार बुजुर्ग केके ने तुर्की के नौजवानों को यह सिखा दिया है कि तानाशाहों से डरा नहीं जाता, मुकाबला किया जाता है।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

## तलाक में अब इंतजार नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने तलाक को लेकर महत्त्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने कहा है, यदि पति-पत्नी के रिश्ते टूट चुके हों, उनमें सुलह जाइश ना वची हो तो परिवार अदालत भेजे विना ही तलाक को मंजूरी दी कती है। इसके लिए छह महीने का इंतजार जरूरी नहीं होगा। अदालत ने दे भी तय किए, जिनके आधार पर शादी में सुलह की संभावनाओं को परे जा सकेगा। अदालत दंपति के वीच वरावरी, गुजारा भत्ता, वच्चों की डी भी तय करेगी। यह मुद्दा संविधान पीठ के पास विचार के लिए भेजा जिसमें हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 13वी के तहत आपसी सहमति क की प्रतीक्षा अवधि को माफ किए जाने का सवाल था । डिवीजन बेंच ने यह मामला 2016 में पांच जजों की संविधान पीठ को रेफर किया था। पांच याचिकाओं की लंबी सुनवाई के वाद सितम्बर, 2022 में फैसला सुरक्षित रखते हुए संविधान पीठ ने कहा था, सामाजिक परिवर्तन में थोड़ा समय लगता है। कानून लाना आसान होता है मगर लोगों को राजी करना मुश्किल । दुनिया भर में सबसे कम 1.1त्न तलाक अपने यहां होते हैं। हालांकि इधर के वर्षों में शादी टूटने के मामले वढ़ते नजर आ रहे हैं। द इसके कानूनी प्रक्रिया इतनी जटिल है कि दंपति कानूनन संबंध विच्छेद जाय अलगाव कुवूल कर लेते हैं। सामाजिक/ पारिवारिक स्थितियां जि से बदल रही हैं, लोगों की सोच में भी उसी तरह परिवर्तन नजर आ रहा है। लहपूर्ण संबंध को ढोते रहने को राजी नहीं हैं। जिन मामलों में आपसी -इतनी बढ़ जाती है कि तलाक ही अंतिम परिणति नजर आती हैं, उनको सले के बाद संविधान की धारा 142 के तहत परिवार अदालतों के चक्कर काटने होंगे। अदालतों में तलाक के हजारों मामले सालों से पेंडिंग हैं। ये अलग हो कर नया जीवन शुरू करने की आस में वकीलों / अदालतों के र लगाते-लगाते थक जाते हैं । जव रिश्ते इतने विगड़ चुके हों और वे सहमति से अलग होने को राजी हों तो विलावजह मामले को लटकाने कोई मकसद नहीं होता । वास्तव में वुरी शादियों में फंसे लोग कई दफा क तौर पर बीमार हो जाते हैं। नतीजतन, मामला खुद को हानि पहुंचाने पहुंच जाता है। इसलिए जहां सुलह की गुंजाइश कतई नजर ना आ रही हें जबरन इस ऊहापोह में लटकाए रहने से राहत मिल सकती है। वास्तव यह फैसला स्वयं दंपति का होता है कि वे इसे निभाने को राजी हैं, या अलग को। इसका सम्मान होना चाहिए।

अजय दीक्षित

# ऐसे मिला था कन्नड़ को अपना राष्ट्रकवि

के वी पुट्टप्पा, प्रसिद्ध कन्नड़ साहित्यकार

जब दिखावे से ही बहुत कुछ हासिल हो जाता हो, तब भला कोई अपना असली रूप क्यों सामने आने दे? बहुत लोग अपने नकलीपने पर इतने इतराते जीते हैं कि अपनी असलियत से भी नफरत करने लगते हैं। अपने संस्कार, बोली-भाषा, परिवार को भी पर्दे में रखने की कोशिश करते हैं। मैसूर का वह युवा भी अंग्रेजी के गुमान में जीता था। ठान रखी थी कि अंग्रेजी का बेहतरीन कवि-लेखक बनकर देश-दुनिया को दिखा देना है। अंग्रेजी की चंद कविताओं का एक संग्रह भी उसने छपवा लिया था। ज्यादातर कवियों की तरह वह भी अभिभूत था कि वह सबसे अद्भुत लिख रहा है। सबसे बड़ी बात कि उसके पास अंग्रेजी है, जो आधुनिकता और शासक वर्ग की भाषा है। अंग्रेजी में लिखे बिना लेखन की दुनिया में क्या खाक दाल गलनी है!

वह आत्ममुग्ध अपनी कविताओं के साथ जगह-जगह डोलता रहता था। ज्यादातर लोग पढ़कर अचंभित होते थे कि कर्नाटक में भी अंग्रेजी में लिखा जा रहा है। तब शासकों की भाषा के प्रति दासता का भाव सामान्य था कि अंग्रेजी में लिखे बिना, कौन पढ़ेगा, कौन सुनेगा? खैर, संयोग बना, हाई स्कूल के एक शिक्षक ने उस युवा को सलाह दी कि 'शहर में प्रसिद्ध आयरिश कवि जेम्स कजिंस आए हुए हैं, जाओ, उन्हें भी अपना काव्य रस चखाओ।' मैसूर विश्वविद्यालय के मेहमान गृह में कुछ इंतजार के बाद कजिंस से सामना हुआ। युवा ने दो-तीन मिनट की औपचारिकता के बाद ही आगे बढ़कर अपनी कविताएं पेश कर दीं। कजिंस ने कविताओं को निहारा, कुछ देर पढ़ा और फिर नजर उठाकर आगंतुक युवा को ऊपर से नीचे तक गौर से देखा। युवा की टोपी, शर्ट, जैकेट और धोती, सब खादी के थे। तब भारत में स्वदेशी आंदोलन जोर पकड़ रहा था। कजिंस की आंखों में निराशा उमड़ आई, उन्होंने उसे छिपाया भी नहीं, दोटूक पूछ लिया कि 'यह सब क्या है? आप सिर



से पांव तक स्वदेशी वस्त्र पहने हुए हैं, पर आपकी कविताएं तो स्वदेशी नहीं हैं? क्या आपने अपनी भाषा में भी कुछ लिखा है?'

तारीफ की उम्मीद लगाए बैठे युवा को तत्काल गम और बेइज्जती के भाव ने घेर लिया। युवा कवि ने अपने पाखंड को बचाने की कोशिश करते हुए तब यहां तक कह दिया कि श्रेष्ठ भावनाओं और अच्छे विचारों को कन्नड़ में उस तरह व्यक्त नहीं किया जा सकता, जैसे अंग्रेजी में हो सकता है। कन्नड़ एक कमतर भाषा है और इसके छंद रूप भी पुराने हैं। अंग्रेजी में छंदों की जो विविधता दिखाई देती है, वह कन्नड़ में नहीं पाई जा सकती।' अपने फिजूल बचाव की नासमझी में वह फिसलता गया, मातृभाषा का अपमान करने लगा था। वैसे भारत में न जाने कितने लोग ऐसा करते हैं, अपनी बोली के प्रति उनमें कमतरी का भाव होता है। कुछ अंग्रेजी जानने के बाद कई लोग गर्व से बताने लगते हैं कि मेरी हिंदी कमजोर है। ऐसी ही बेईमानी उस युवा में भी मुखर हो रही थी। तब कवि कजिंस ने समझाया था, 'ऐसा नहीं है। कोई भी भाषा अपने आप में अयोग्य नहीं होती है। ऐसा तब तक लग सकता है, जब तक कोई प्रतिभाशाली व्यक्ति सामने न आए। देखो, टैगोर अपनी भाषा के साथ सामने आए, तो दुनिया ने उन्हें और उनकी भाषा को जाना। आपको अपनी भाषा में ऐसा ही करना चाहिए। अपनी भाषा में ही इतना अच्छा लिखिए कि उसे हम अंग्रेजी में लाने को मजबूर हो जाएं।'

इस मुलाकात ने सोचने पर विवश कर दिया। जल्दी ही ज्ञान का उजास फैला। उसने अंग्रेजी का संकीर्ण गलियारा छोड़ दिया और अपनी माटी-गांव की चिर-परिचित खुली पगडंडियों, खेतों, मैदानों पर चल पड़ा। अंग्रेजी में लिखने की लत एकाध साल में छूट गई और अपनी मातृभाषा के वैभव का आनंद मिलने लगा। जल्दी ही कन्नड़ की दुनिया ने अपने एक महान लेखक-कवि कुवेम्पु अर्थात के वी पुट्टप्पा को पहचाना। वह हर बार अपने पाठकों को अलग दुनिया में ला खड़ा करते हैं। जैसे कन्नड़ पंक्ति - अहा! नम'मा जगत्तीनल्ली स्वर्गा जरि बिड्डु... मतलब अहा! स्वर्ग ही हमारे लोक में/ फिसलकर गिर पड़ा है, / आइए! भर लेने इसे अपने हृदय का/ सुवर्ण पात्र लाइए।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गोंड़पारा में रजक परिवार के घर पर चखा स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद



**रायपुर।** मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत बिलासपुर विधानसभा पहुंचे। यहां उन्होंने बिलासपुर के गोंड़पारा नगर निवासी गणेश प्रसाद रजक के घर स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद चखा। रजक परिवार ने घर के मुख्य द्वार पर तिलक-आरती से पुष्प-गुच्छ और श्रीफल भेंट कर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। रजक परिवार ने मुख्यमंत्री को बड़ी ही आत्मीयता से भोजन परोसा, यहां मुख्यमंत्री को खाने में गिल्की, गोभी भाटा, ग्वार फल्ली, परवल आलू, जिमी कांदा, लौकी दाल, कांदा भाजी एवं आम की चटनी परोसा गया। घर में भोजन ग्रहण करने पहुंचे मुख्यमंत्री को अपने आतिथ्य में पाकर श्री गणेश प्रसाद रजक और उनके परिवार के लोग बड़े प्रसन्न हुए। घर के मुखिया श्री रजक ने कहा कि हम जैसे एक छोटे से व्यक्ति के घर मुख्यमंत्री जी का आना बड़े ही सौभाग्य की बात है। यह हमारे परिवार के लिए सदा यादगार रहेगा। श्री रजक समाज के प्रमुख व्यक्तियों में से एक हैं, जो रजक विकास परिषद कार्य समिति सदस्य एवं जिला बिलासपुर बैसवारा रजक समाज के महामंत्री के पद पर रहे हैं। इनके परिवार में 5 भाई थे, जिनमें से 2 भाइयों के निधन पश्चात श्री रजक पूरे परिवार की जिम्मेदारी उठाते हैं और उन्हें एक सूत्र में बांधे रखे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर और बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात के दौरान दी अनेक विकास कार्यों की सौगात

# 474 करोड़ रुपए की राशि के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत बिलासपुर एवं बिल्हा विधानसभा के क्षेत्रवासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 266 करोड़ 58 लाख रूपये की राशि के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 56 करोड़ 46 लाख रुपए से अधिक राशि के 21 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बिल्हा विधानसभा के क्षेत्रवासियों को भी बड़ी सौगात देते हुए 34 करोड़ 71 लाख रूपए से अधिक की राशि के 11 विकास कार्यों को लोकार्पण किया एवं 116 करोड़ 14 लाख रूपए से अधिक की राशि के 18 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस तरह लगभग 474 करोड़ रूपए राशि के 69 विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया।



बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र आगमन पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने क्षेत्रवासियों को सौगात देते हुए उन्नयन कार्य दिव्यांग छात्र-छात्राओं के समावेशी केंद्र में एवं प्रशिक्षण हाल निर्माण शहरी स्त्रोत केंद्र नेहरू नगर बिलासपुर, सैनिक कल्याण कार्यालय बिलासपुर में इसीएचएस पॉली क्लिनिक अस्पताल भवन का निर्माण, तोरवा में शहरी महिला आजीविका केंद्र के निर्माण, मोपका तोरवा मार्ग से शनि मंदिर चिल्हाटी मार्ग के 1.80 किमी में सड़क मजबूतीकरण कार्य, नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सघन वृक्षारोपण, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय बिलासपुर स्थापना हेतु भवन उन्नयन कार्य, फुटओवर ब्रिज निर्माण कार्य मुंगेली रोड पर, नगर निगम क्षेत्र सार्वजनिक भवनों के बाहर फसाड लाईटिंग, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय योजनांतर्गत चयनित शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में उन्नयन कार्य, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला सरकण्डा एवं शासकीय हाई स्कूल चिंगराजपारा में उन्नयन कार्य, जिले में साथी परियोजनांतर्गत प्रसंस्कृत मिलेट तथा मूल्यवर्धक एवं फोर्टिफाईड मिलेट आधारित उत्पादों के विक्रय हेतु मिलेट कैफे निर्माण कार्य, जिला बिलासपुर के अंतर्गत आर्थिक रूप से वंचित महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु टेलरिंग शेड में सिलाई मशीनरी उपकरण एवं सामग्री संधारण व संचालन कार्य, नव-सम्मिलित ग्रामीण क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्य, शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य, मंडी बोर्ड निधि से कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर की थोक फल सब्जी उपमंडी तिफरा में सीसी रोड, नाली एवं विद्युतीकरण कार्य, छत्तीसगढ़ चौक आनंद निकेतन के सामने स्व. श्री बंशीलाल घृतलहरे जी की आदम कद प्रतिमा स्थापना एवं चौक सौंदर्यीकरण, राजकिशोर नगर चौक में स्व. श्री बिसाहू दास महंत की आदमकद प्रतिमा स्थापना एवं चौक सौंदर्यीकरण कार्य, बन्नाक चौक सिरगिट्टी में स्व. श्रीमती बिन्देश्वरी बघेल जी की आदमकद प्रतिमा स्थापना एवं चौक सौंदर्यीकरण, इंदू चौक में स्व. श्री रामाधार कश्यप जी की आदम कद प्रतिमा स्थापना कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया।

शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर लोधीपारा एवं तिफरा का उन्नयन, राष्ट्रीय राज्यमार्ग 49 में लाल खदान आरओबी से पावर हाउस चौक तक मार्ग लंबाई 1.10 किमी फोरलेन में चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य एवं गुरूनानक चौक से जगमल चौक मार्ग लंबाई 1 किमी फोर लेन में चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य, स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय उन्नयन कार्य, स्वामी आत्मानंद लालबहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय उन्नयन कार्य, स्वामी आत्मानंद शहीद अविनाश शर्मा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट हिन्दी माध्यमिक कन्या विद्यालय उन्नयन कार्य, मल्टीलेवल कार पार्किंग कलेक्टोरेट परिसर, इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर, जीआईएस बेस्ड पॉपर्टी सर्वे विथ आधार सीडिंग, विभिन्न सड़कों के लिए सौर प्रावधान के साथ मौजूदा सड़क और सहायक रोशनी को दोहरे फीड में परिवर्तित करने के लिए हाइब्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली, ज्वाली पुल से पचरी घाट रोड पर स्लैब कवरिंग, शहर में 20 स्थानों पर वाई फाई सुविधा, वेयर हाउस रोड पर दिव्यांगों के लिए फुटपाथ एवं साईकिल ट्रेक निर्माण, कोन्हेर गार्डन का विकास, मुख्यमंत्री द्वारा 3 जनवरी 2021 को किए गए घोषणाओं के तहत 201 विभिन्न विकास कार्य, सिरगिट्टी जल आवर्धन योजना, राजकिशोर नगर व्यावसायिक काम्पलेक्स निर्माण कार्य एवं मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इसी तरह मुख्यमंत्री ने बिल्हा विधानसभा के क्षेत्रवासियों को भी सौगात देते हुए सड़क नवीनीकरण कार्य एल 54 शारदा से खेखसही लंबाई 3 किमी, एसएच हरदी लंबाई 0.60 किमी, बरतोरी से बेलटुकरी लंबाई 4.02 किमी, बिल्हा दगौरी रोड से उड़गन लंबाई 1.05 सड़क नवीनीकरण कार्य, उप स्वास्थ्य केंद्र लगरा, 50 सीटर पोस्ट मेट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बिल्हा, बोदरी बोड़सरा से खुड़ीयाडी होते हुए झाल तक मेनरोड़ निर्माण लंबाई 4 किमी पुल पुलिया सहित, दगौरी भोजपुरी 9 किमी मजबूतीकरण कार्य, कुंआ से बोड़सरा रोड एवं फद्हा से बोहारडीह रोड तक 4 किमी, विक्रय कर कार्यालय भवन निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने वृहद पुल निर्माण अमलडीहा से दगौरी व्या घोघरा चोरहाभौना उड़नताल लंबाई 0.160 किमी, वृहद पुल निर्माण अमलडीहा से दगौरी व्या घोघरा चोरहाभौना उड़नताल लंबाई 0.120 किमी, लाईलीवुड कालेज बिलासपुर में 100 मीटर बालक छात्रावास एवं अधीक्षक सह चौकीदार आवास गृह निर्माण एवं चकरभाठा एयरपोर्ट के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया।

# मुख्यमंत्री ने की सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट-मुलाकात, विभिन्न सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए स्वीकृत की राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। विभिन्न सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए स्वीकृत की राशिविभिन्न सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए स्वीकृत की राशिविभिन्न सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए स्वीकृत की राशिविभिन्न सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए स्वीकृत की राशि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान एसईसीएल इंदिरा विहार गेस्ट हाउस में विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कई समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर सामाजिक भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने के साथ ही उनकी समस्याओं के निदान के लिए निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिए हैं।





मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान डड़सेना कलार समाज के प्रतिनिधि मंडल के आग्रह पर सामाजिक भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपये, कतिया समाज को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए, मोवार समाज को सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रूपए, बरई चौरसिया समाज को सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रूपए, जगन्नाथ कोलता समाज को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 30 लाख रूपए, विश्वकर्मा कल्याण समिति को सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रूपए, मरार पटेल समाज बिलासपुर द्वारा सामाजिक भवन के लिए राशि की मांग पर मुख्यमंत्री ने 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इसी प्रकार प्रगतिशील जायसवाल कन्नौज कलार समाज को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपए, राठौर समाज के भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए, अघरिया समाज को छात्रावास भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, मुख्यमंत्री ने भूमुंडा आदिवासी समाज को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की मांग पर भवन के लिए 30 लाख रुपए, कसौधन वैश्य समाज को भवन निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, यादव समाज को भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपये, मुस्लिम समाज को मंगला, उसलापुर क्षेत्र के कब्रिस्तान में बॉउंड्री वाल सहित अन्य निर्माण के लिए 20-20 लाख रूपए, कायस्थ समाज को भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए, मुस्लिम समाज को रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक-18 में विद्यालय भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, नेवसा में साहू समाज की मांग पर बेलतरा तहसील में सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रुपए, कुशवाहा काछी समाज को भवन नवीनीकरण के लिए 15 लाख रुपए, खटीक समाज को सामजिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, निरंकारी मंडल इमली पारा बिलासपुर में भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए, महरा जाति को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की।

मुख्यमंत्री से महत्तर समाज और डोमार समाज की ओर से प्रतिनिधि ने समाज के लिए लाइब्रेरी निर्माण के लिए राशि की मांग पर 10 लाख रुपये, मराठा समाज बिलासपुर को सामाजिक भवन के जीर्णोद्धार के लिए 15 लाख रुपए, मछुआरा समाज को लिंगयाडीह में निर्मित सामाजिक भवन के उन्नयन के लिए 10 लाख रूपए, चंद्रा समाज के सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रुपए, कंवर समाज बिलासपुर को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। आदिवासी समाज की ओर से छात्रावास का जीर्णोद्धार की मांग पर सहमति जताई। मुख्यमंत्री ने बौद्ध समाज समाज के भवन के लिए प्रतिनिधि मंडल से कहा कि आप जमीन ले लीजिए भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान की जाएगी। सुसारथी समाज द्वारा सकरी अटल आवास में स्कूल प्रारम्भ करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिए। सिंधी समाज के प्रतिनिधि द्वारा सिंधी तीर्थ के लिए जमीन की मांग की मुख्यमंत्री ने जमीन चिन्हांकित करने के लिए कहा।

साहू समाज द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखकर ऋण मांफी, समर्थन मूल्य में धान खरीदी और 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार मसीही समाज की मांग पर चर्च भवन के लिए मुख्यमंत्री ने जमीन देने की बात कही। आदिवासी समाज को उसलापुर में सामाजिक भवन निर्माण के लिए सहायता की मांग की मुख्यमंत्री ने पहले जमीन समाज के नाम से रजिस्ट्री कराने की बात कही।

## मुख्यमंत्री से राजपूत क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधि मण्डल ने की सौजन्य मुलाकात



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह 1282 के प्रतिनिधि मण्डल ने महासभा की केन्द्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना राजपूत के नेतृत्व में मुलाकात की।

उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल को रायपुर कोटा स्थित राजपूत छात्रावास भवन में 14 मई को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आयोजित किए जा रहे प्रदेश स्तरीय महिला एवं युवती सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के लिए प्रतिनिधि मण्डल को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।






## स्वामी आत्मानंद स्कूल लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय में 3 करोड़ की लागत से हुए उन्नयन कार्य का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के अंतर्गत बिलासपुर में स्थित स्वामी आत्मानंद लाल बहादुर शास्त्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने 3 करोड़ रूपये की लागत से बने स्कूल भवन के उन्नयन कार्य का लोकार्पण किया। जिसके अंतर्गत अत्याधुनिक लैब,अत्याधुनिक क्लास रूम,भव्य प्रवेश द्वार, स्टेज,खेल मैदान व नवीन टॉयलेट का निर्माण किया गया है। स्कूल में पिछले सत्र से ही अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू हुई है। जिसमें इंग्लिश मीडियम के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया। स्कूल में विद्यार्थियों की कुल संख्या 930 है।



विद्यार्थियों के लिए स्कूल में अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास की सुविधा मुहैया कराई गई है। स्मार्ट क्लास के लिए इंटरएक्टिव बोर्ड लगाए गए हैं ताकि बच्चे मॉर्डन तकनीक को अपना कर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। प्रयोग के तौर पर 3 इन स्टडी बोर्ड भी कुछ क्लासेज में लगाई गई हैं। जिनमें इंटरएक्टिव बोर्ड के अलावा मार्कर बोर्ड ऑफ चॉक बोर्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। बच्चे सूचना क्रांति के दौर में मैं टेक्नोलॉजी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके इसके लिए कंप्यूटर लैब में 19 कंप्युटर रखे गये हैं। जिसमें उन्हें प्रैक्टिकल क्लासेस दी जाती हैं। बच्चे आकृति विज्ञान को बेहतर तरीके से समझे इसके लिए बायोलॉजी लैब में टॉर्सो हुम्न बॉडी व स्टार फिश और सी हॉर्स जैसे स्पीशीज भी रखे गए हैं। इसके साथ ही फिजिक्स लैब में कई वर्किंग मॉडल रखे गए हैं ताकि बच्चे प्रैक्टिकल अप्रोच को अपना सकें। स्कूल की लाइब्रेरी में नीट, आईआईटी जी, व्यापम, यूपीएससी, सीजीपीएससी, एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों के साथ कहानी व साहित्य से संबंधित पुस्तकें रखी गई है ताकि बच्चों का हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हो।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



# अरपा को बारहमासी नदी में तब्दील करने तेजी से काम करने की जरूरतः भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने ली अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण की बैठक, नदी के पुनर्जीवन के लिए जनसहभागिता जरूरीः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अरपा बेसिन में संचालित तमाम सिंचाई परियोजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अरपा नदी क्षेत्र के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं हैं। इसे पुनर्जीवित करने के लिए इससे जुड़े तमाम विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करना सुनिश्चित करें ताकि जल्द से जल्द अरपा नदी की प्यास बुझाकर इसे पूर्व की तरह बारहमासी नदी में तब्दील किया जा सके। श्री बघेल भेंट मुलाकात के दौरान बिलासपुर में अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण की बैठक में इस आशय के निर्देश दिए।




उन्होंने कहा कि नदी को पुन:जीवित करने के लिए शासकीय प्रयासों के साथ जनसहभागिता भी जरूरी हैं। बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, विधायक धरमलाल कौशिक, शैलेश पाण्डेय, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, रजनीश सिंह, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभयनारायण राय, पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, महापौर रामशरण यादव सहित जिले के प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग, कलेक्टर सौरभ कुमार सहित कोरबा कलेक्टर संजीव कुमार झा, मुंगेली कलेक्टर राहुल देव, जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्राधिकरण के सदस्य उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि अरपा नदी जलग्रहण क्षेत्र का संपूर्ण विकास के लिए अगस्त 2021 में नये स्वरूप में अरपा बेसीन विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है। वैज्ञानिक आधार पर ऐसी संरचनाओं का निर्माण किया जायेगा जिससे नदी में बारहों महीने पानी बहती रहे। प्राधिकरण के क्षेत्र में बिलासपुर सहित जीपीएम, मुंगेली और कोरबा जिले की 625 गांव शामिल हैं। इन ग्रामों की 3,634 वर्ग किलोमीटर इसके जलग्रहण क्षेत्र में शामिल हैं। अरपा एवं इसकी सहायक नदियों में जल संसाधन विभाग द्वारा छोटी बड़ी मिलाकर 116 योजनाएं संचालित हैं, इनकी रूपांकित सिंचाई क्षमता 86 हजार 605 हेक्टेयर है।

अरपा नदी को जीवंत बनाए रखने के लिए फिलहाल 3 बैराज परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इनमें अरपा भैंसाझार, शिवघाट व पचरीघाट शामिल हैं। इसके अलावा वर्ष 2023-24 के बजट में छपरा टोला सहित 9 योजनाएं मंजूर की गई हैं। इन योजनाओं से अरपा में पानी छोड़कर पुनर्जीवित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्राधिकरण में चल रहे विकास कार्यों का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने कहा कि शहर से लगे अरपा नदी में निर्माणाधीन शिवघाट बैराज को जून माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। इस बैराज के बन जाने से शहर की जल समस्या काफी हद तक दूर होगी। बैठक में अरपा विकास प्राधिकरण के सदस्य महेश दुबे, नरेन्द्र बोलर, आशा पाण्डेय भी उपस्थित थी। अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय ने स्वागत उद्बोधन दिया।

## खास खबर...



### खाद्य आयोग के अध्यक्ष बाबरा ने सीएम बघेल के साथ मनाया कर्नाटक जीत का जश्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव की जीत का जश्न मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ मनाया। बाबरा ने इस खास मौके पर सीएम बघेल का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। यहां मुख्यमंत्री ने सभी को मिठाई खिलाकर खुशी का जश्न मनाया। बता दें कि कर्नाटक में कांग्रेस ने बड़ी जीत दर्ज की है। अब तक के रूझानों में कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, बीजेपी 65 से भी कम सीटों पर सिमटती दिख रही है। कांग्रेस का तीसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन 1999 के चुनाव में था। तब पार्टी ने करीब 41 फीसदी वोट शेयर के साथ 132 सीटों पर जीत हासिल की थी। 2004 में 65, 2008 में 80, 2013 में 122 और 2018 में 79 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 34 साल बाद कर्नाटक में किसी पार्टी को इतनी ज्यादा सीटें मिली हैं।

### राज्य स्तरीय मानस मंडली प्रतियोगिता रायपुर में 27 से 29 तक

**रायपुर ( ए )।** संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि रायपुर में मानस मंडलियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लिए जाए। भगत आज अपने निवास स्थित कार्यालय में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहें थें। गौरतलब है कि राज्य स्तरीय मानस मंडली प्रतियोगिता रायपुर में 27 से 29 मई आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक जिलें से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मानस मंडलियां शामिल होंगी। बैठक में संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि रायपुर में डे भवन में स्वामी विवेकानंद स्मृति संस्थान की स्थापना और मानव संग्रहालय के निर्माण हेतु भी वित्त विभाग से मंजूरी प्राप्त हो गई है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप माता कौशल्या महोत्सव का सफल आयोजन हाल ही में चंद्रखुरी में किया जा चुका है। आगामी 1 से 3 जून तक राष्ट्रीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ जिले में आयोजित किया जा रहा है। इसमें भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के माध्यम से विदेशी दलों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में संस्कृति मंत्री ने नया रायपुर में फिल्म सिटी के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण, समस्त जिलों में गढ़ कलेवा खोले जाने, कलाकारों के गत वर्ष के स्वीकृत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लंबित भुगतान, कलाकारों के ग्रेडेशन संशोधन तथा कलाकारों के मानदेय भुगतान शीघ्र किये जाने के निर्देश दिए। मंत्री भगत ने गढ़ कलेवा की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 33 जिलों में से 16 जिलों में गढ़ कलेवा का संचालन किया जा रहा है। शेष जिलों में भी इस वर्ष गढ़ कलेवा का संचालन शुरू हो जाएगा।

### विपरीत परिस्थितियों में अंश ने नहीं मानी हार, 12वीं में हासिल किया 90 प्रतिशत

**रायपुर ( ए )।** किसी भी सपने को हकीकत में बदलने के लिए कठिन परिश्रम, इच्छाशक्ति, एकाग्रता और विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक सोच का होना जरूरी है। ऐसा मानना है कृष्णा पब्लिक स्कूल डुंडा रायपुर के कक्षा 12वीं के छात्र अंश पाराशर का, जिन्होंने 12वीं की सीबीएसई की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अंश इससे पूर्व 18 दिसम्बर 2022 को आयोजित CLAT-23 ( कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट ) में ऑल इंडिया रैंकिंग में 1140 स्थान तथा छत्तीसगढ़ में 12वां स्थान प्राप्त कर अपने परिजनों, विद्यालय और शहर का नाम रोशन कर चुके हैं। अंश पाराशर ने बताया कि 12वीं बोर्ड परीक्षा की पढ़ाई के साथ साथ क्लैट जैसे परीक्षा की भी तैयारी आसान नहीं थी। इसके लिए उन्हें कठिन परिश्रम करना पड़ा।

# कर्नाटक में नहीं चला भाजपाइयों का इमोशनल ड्रामाः कांग्रेस



**रायपुर ( ए )।** कर्नाटक में कांग्रेस को मिले पूर्ण जनादेश पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक चुनाव में प्रचार के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भारत को 2014 के पहले घुटने में चलने वाला देश बताकर मां भारती का और भारतवासियों का अपमान किया था। कर्नाटक की जनता ने भारत को कमजोर और अपंग बताने की सोच रखने वाली भाजपा को हराकर बड़ा सबक सिखाई है। कर्नाटक की जनता 40 प्रतिशत कमीशन लेने वाली भाजपा की सरकार से हताश और परेशान थी, उससे मुक्ति चाहती थी आज दक्षिण भारत कर्नाटक हार के बाद भाजपा मुक्त हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के जितने भी प्रचारक थे। सभी ने इमोशनल ड्रामा प्रचार के दौरान किये। कांग्रेस पर अपमानित करने का झूठ और मनगढ़ंत आरोप लगाए केंद्रीय शक्तियों का दुरुपयोग कर कर्नाटक के चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास किए लेकिन असफल रहे कर्नाटक की जनता ने भाजपा के इस नाटक नौटंकी से किनारा कर जनता के मूल मुद्दों और समस्याओं के लिए जिम्मेदार भाजपा को हराना तय किया था। परिणाम से स्पष्ट है कि भाजपा के खिलाफ वहां भारी आक्रोश था।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र पर कर्नाटक की जनता ने भरोसा किया और भाजपा के झूठ और जुमला से किनारा कर इमोशनल ड्रामा को नजरअंदाज किया। भाजपा के खिलाफ बढ़-चढ़कर मतदान किया। कांग्रेस के कई प्रत्याशी 50 हजार से एक लाख तक बढ़त बनाकर जीत दर्ज कराये हैं यह भाजपा के खिलाफ आक्रोश को प्रदर्शित करता है 2024 में अब केंद्र में भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भाजपा कुछ भी कर ले केंद्र में बदलाव होगा। देश की जनता बढ़ती बेरोजगारी महंगाई ,गिरती अर्थव्यवस्था लूटती बैंक और एलआईसी बिकती सरकारी कम्पनियों से हताश और परेशान है।

# राजस्व शिविर में 145 आवेदन का त्वरित निराकरण




**रायपुर ( ए )।** रायपुर तहसील के राजस्व प्रकरणों-के निराकरण के लिए शनिवार को तहसील कार्यालय में सुबह 10.30 बजे से शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में कई हितग्राहियों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बी बी पंचभाई और बी सी साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा) रायपुर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे।

आज आयोजित शिविर में विभिन्न प्रकरणों के कुल 217 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 145 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया और 72 आवेदन प्रक्रियाधीन है। शिविर में आज नामांतरण प्रकरण के 34 प्राप्त आवेदनों में 29 निराकृत किए गए और5 प्रक्रियाधीन है। इसी तरह खाता विभाजन प्रकरण के 6 प्राप्त आवेदनों में 2 निराकृत किए गए और 4 प्रक्रियाधीन है, सीमांकन प्रकरण के 39 और व्यपवर्तन प्रकरण के 5 आवेदन प्राप्त हुए जो प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार किसान किताब के 17 प्राप्त आवेदनों में 16 निराकृत किए गए और एक प्रक्रियाधीन है। जाति प्रमाण पत्र के 41 प्राप्त आवेदनों में 31 निराकृत किए गए और 10 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। आय प्रमाण पत्र के 47 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें सभी आवेदकों को तत्काल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया इसी तरह निवास प्रमाण पत्र के 28 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 20 प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया और 8 प्रक्रियाधीन है।

तहसील कार्यालय रायपुर में लगाए गए राजस्व शिविर में हरीश कुमार देवांगन ने भूमि के नामांतरण के लिए आवेदन किया। जिस पर तत्काल ही नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई। इसी तरह शिविर में अश्विनी कौशल ने अपनी बहन के जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। उनके आवेदन एवं सलंग्न प्रमाण पत्र के आधार पर तत्काल ही जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसान हो रहे खुशहाल


### धान की जगह सूरजमुखी की खेती कर किसान तेजराम ले रहे लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कुछ समय पहले तक छत्तीसगढ़ के किसान धान की फसल के अलावा दूसरी फसलों के बारे में सोचते भी नहीं थे। लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किसानों के लिए शुरू की गई राजीव गांधी किसान न्याय योजना के चलते किसान अब धान के बदले दूसरी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित हो रहे है। क्योंकि धान के अलावा अन्य फसलों को उगाने के लिए शासन छत्तीसगढ़ के किसानों को 9 से 10 हजार प्रति एकड़ सब्सिडी दे रही है।

छत्तीसगढ़ में किसानों को उनकी उपज की सही कीमत दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना संचालित है। प्रदेश में किसानों को पिछले चार वर्षों में 18,208 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी दी जा चुकी है। राज्य के अन्नदाताओं की बेहतरी और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने राज्य सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी करने का निर्णय लिया है।

योजना से प्रोत्साहित होकर रायगढ़ जिला स्थित ग्राम बोन्दा विकासखण्ड पुसौर के किसान तेजराम गुप्ता द्वारा अपने खेतों में सूरजमुखी की फसल लगाकर दोहरा लाभ ले रहे हैं। गुप्ता ने बताया कि उनके पास कुल 4.130 हेक्टेयर जमीन है। जिसमें वे खरीफ में धान की खेती करते हैं एवं रबी में 2 हेक्टेयर में धान की खेती करते थे। इस रबी के मौसम में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एच.के.साहु द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के बारे में बताया गया तथा उनके द्वारा दी गई जानकारी से प्रभावित होकर उन्होंने 2 हैक्टेयर में सूरजमुखी लगाने का निश्चय किया। कृषि विभाग से उन्हें बीज सुक्ष्म पोषक तत्व एवं



कीटनाशक नि:शुल्क प्रदाय किया गया। उन्होंने 5 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट स्वयं से क्रय करके उपयोग किया। 3 गहरी जुताई एवं 2 बार रोटावेटर से जुताई करके खेत तैयार किया गया। बीज की बुवाई के समय वर्मी कम्पोस्ट को अच्छी तरह खेत में मिलाने के बाद बीज की लाईन से बुवाई किया गया। बीज बुवाई के 25-30 दिन बाद निंदाई गुडाई एवं मिट्टी चढ़ाने का काम किया गया। समय-समय पर आवश्यकता अनुसार सिंचाई किया गया। इसमें धान की तुलना में बहुत की कम मात्रा में पानी की आवश्यकता हुई। वर्तमान में फसल काटने योग्य हो चुका है एवं फसल की उपज काफी अच्छी हुई है। उन्होंने बताया कि इस फसल से काफी मात्रा में लाभ होने की उम्मीद है। किसान तेजराम गुप्ता द्वारा सूरजमुखी की फसल अपनाने में उनकी आय में वृद्धि होगी एवं फसल चक्र होने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि हुई है। साथ ही साथ खेती की वैज्ञानिक विधियों को किसानों के द्वारा अपनाया जा रहा है।

कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सूरजमुखी की खेती लाभदायक होने के साथ-साथ स्वास्थ्यवर्धक भी है। सूरजमुखी के 100 ग्राम बीज में 21 ग्राम प्रोटीन, 51 ग्राम वसा के साथ विटामिन ई, विटामिन सी, मिनरल और ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है। इसके बीजों में कोलेस्ट्राल नहीं पाया जाता है, इसलिये ये स्वास्थ्य के लिये उत्तम है। महिलाओं और बच्चों में कुपोषण, खून की कमी को दूर करने में सूरजमुखी बहुत लाभदायक है। सूरजमुखी की खेती खरीफ और ग्रीष्म दोनों सीजन में की जा सकती है। हल्की भूमि में सूरजमुखी की अंतरवर्तीय फसल लगाकर कम क्षेत्र में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इसके बीजों में 40 से 50 फीसदी तेल पाया जाता है, जिसमें मौजूद लिनोलिइक अम्ल शरीर में फैट को बढ़ने से रोकता है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# अगर ये 5 ट्रिक फॉलो कर लेंगे तो गर्मियों में नहीं होगी घमौरियों की समस्या

**चिलचिलाती गर्मी का मौसम आ चुका है. पसीने के साथ ही घमौरियां भी निकलना बिल्कुल आम है. लेकिन यह छोटी-छोटी घमौरियां आपके लिए बड़ी समस्या बन जाती है. आपको हर वक्त जलन और खुजली महसूस होती है. इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है. जैसे जैसे तापमान बढ़ता है वैसे वैसे घमौरी होने का खतरा बढ़ता है. ऐसे में हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं जिसकी मदद से घमौरियों से आप बचे रहेंगे.**



### घमौरियों से बचने के टिप्स

बॉडी को ठंडा रखें-घमौरियां अक्सर पसीने की वजह से होती है और पसीना बॉडी हीट के कारण आता है तो कोशिश करें कि अपने शरीर को अंदर से ठंडा रखें खुद को हाइड्रेट रखें पर्याप्त मात्रा में पानी पिए हाइड्रेटिंग फल और सब्जियों का सेवन करें.

कॉटन कपड़ा पहनें-घमौरी अक्सर उन जगहों को प्रभावित करती है, जहां पर हवा नहीं लगता. जैसे कि अंडर आर्म्स या फिर गर्दन. इससे बचने के लिए आप हवादार कपड़े पहने. टाइट कपड़े पहनने से बचें. हमेशा गर्मियों में कॉटन कपड़े ही पहनें, क्योंकि कॉटन के कपड़े से हवा आर पार होती है. पसीना जल्दी सूख जाता है और शरीर को भी ठंडक मिलती है. सिंथेटिक कपड़े पहनने से पसीना नहीं सूखता और यह लंबे वक्त तक शरीर पर बने रहते हैं तो घमौरियों और खुजली का कारण बन जाते हैं.

शरीर को गीला ना रखें-जब कभी भी नहाए अपने शरीर को गिला ना छोड़े हमेशा ठीक से सुखाएं क्योंकि जब शरीर जिला रहता है तो बैक्टीरिया और जर्म्स का घर बन जाता है और इस वजह से घमौरियों का खतरा बना रहता है.

ठंडे पानी से नहाएं-गर्मियों में हमेशा ठंडे पानी से नहाएं और कोशिश करें कि दिन भर में 2 बार नहाए एक्सरसाइज या वॉक से आकर नहाना ना भूलें. नहाने से आपके शरीर पर जमा पसीना निकल जायेगा और घमौरियों का खतरा कम हो जाएगा

**एक्सफोलिएट करें**- अक्सर गर्मियों में लोगों के माथे पर घमौरिया निकल जाती है. ऐसा इस वजह से होता है क्योंकि जब पसीना आता है तो धूल गंदगी तो त्वचा पर चिपक जाती है आपकी स्किन पोर्स बंद हो जाती हैं. ऐसे में आप नहाते वक्त अपनी त्वचा को अपने हाथों से एक्सफोलिएट करें आप चाहे तो कुछ घरेलू सामान जैसे ओट्स या बेसन लगाकर भी एक्सफोलिएट कर सकते हैं इससे त्वचा पर जमी गंदगी बाहर आ जाती है और आपकी स्किन हेल्दी ग्लोइंग नजर आती.

### घमौरी से राहत पाने के लिए करें ये उपाय

- ■घमौरी वाली जगह पर आइस पैक से सिकाई करें. इससे घमौरियां खत्म होती है और खुजली में भी आराम मिलता है.
- ■चंदन पाउडर और गुलाब जल का पेस्ट को प्रभावित स्किन पर अप्लाई करें. इससे त्वचा को ठंडक मिलती है और घमौरियों से राहत मिलती है.
- ■नीम की पत्ती को पीसकर प्रभावित एरिया पर लगा सकते हैं. इससे भी आप को काफी राहत मिलेगी.
- ■ओटमील का पानी प्रभावित जगह पर अप्लाई करें. आप चाहे तो ओटमील का पेस्ट बनाकर भी प्रभावित एरिया पर लगा सकते हैं. इससे भी घमौरिया दूर होती है.

# लोगों में बने हुए हैं अस्थमा से जुड़े ये प्रमुख भ्रम, ये है इनकी सच्चाई

अस्थमा से दुनियाभर में हर साल करीब 2.5 लाख लोगों की मौत होती है और इसका प्रमुख कारण इलाज में अनेदेखी करना और झूठी धारणाएं पालना है। दरअसल, अस्थमा को लेकर लोगों में कई ऐसी धारणाएं या भ्रम हैं, जो बीमारी से ग्रस्त लोगों के लिए खतरा साबित हो सकती है या फिर शरीर को इसकी चपेट में लाने का कारण बन सकती हैं। आइए आज अस्थमा से जुड़े कुछ सामान्य भ्रम और उनकी सच्चाई जानते हैं।



### भ्रम- इनहेलर्स और नेबुलाइजर्स से ज्यादा अच्छी हैं दवाइयां

यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा कुछ नहीं है कि इनहेलर्स और नेबुलाइजर्स से ज्यादा अच्छी दवाइयां हैं। इनहेलर को बहुत कम खुराक में लिया जाता है और इसके कम दुष्प्रभाव होते हैं। यह लंबे समय तक उपयोग के लिए सुरक्षित है, लेकिन कई अस्थमा रोगी आज इनहेलर्स की तुलना में दवाइयां लेना ज्यादा सही समझते हैं। यह काफी हद तक अज्ञानता और इनहेलर्स के उचित उपयोग के बारे में जानकारी की कमी के कारण होता है।

### भ्रम- अस्थमा को संतुलित आहार से ही नियंत्रित किया जा सकता है

कई लोग मानते हैं कि अस्थमा को संतुलित आहार से ही नियंत्रित किया जा सकता है, जबकि इस बात की सच्चाई अलग ही है। इस बात का लगभग कोई चिकित्सकीय प्रमाण नहीं है कि आहार से अस्थमा का इलाज या नियंत्रण किया जा सकता है। संतुलित आहार रोगियों को उनकी स्वास्थ्य स्थितियों को बेहतर करने में मदद कर सकता है, लेकिन आहार से अस्थमा का उपचार उपचार होने के संबंध में कोई सबूत नहीं मिले हैं।

### भ्रम- बढ़ती उम्र के साथ कम होता जाता है अस्थमा

आपका मानना भी यही है कि अस्थमा उम्र के साथ कम होता जाता है तो आप भ्रम के अलावा कुछ नहीं है। भले ही अस्थमा के लक्षण कम हो जाएं, लेकिन कुछ दिनों, महीनों या वर्षों के बाद गंभीर बीमारी के रूप में सामने आ सकते हैं। अस्थमा को डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित उपचार के जरिए बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है और जीवन के किसी भी चरण के दौरान बीमारी बढ़ने से बचना महत्वपूर्ण है।

### भ्रम- अस्थमा के रोगियों को एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए और शारीरिक गतिविधियों से बचना चाहिए

यह अस्थमा से जुड़ा सबसे आम भ्रम है कि अस्थमा के रोगियों को एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए और शारीरिक गतिविधियों से बचना चाहिए, जबकि डॉक्टर ऐसा न करने की सलाह देते हैं। एक्सरसाइज अस्थमा के लक्षणों को कम करने में मदद करती है, लेकिन अस्थमा के रोगियों को किसी भी प्रकार की एक्सरसाइज का अभ्यास करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए और अपनी क्षमतानुसार ही उनका अभ्यास करना चाहिए।



# बतौर अभिनेता हमारे पास वही सीमाएं हैं जो हम खुद पर सेट करते हैं: रिद्धि डोगरा

टीवी, वेब सीरीज, फिल्मों और म्यूजिक वीडियो में काम कर चुकीं एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा ने कलाकारों के विभिन्न माध्यमों के आधार पर वर्गीकृत किए जाने पर बात की। रिद्धि ने कहा: एक अभिनेता के रूप में, मुझे लगता है कि हमारे पास केवल वही सीमाएं हैं जो हम खुद पर सेट करते हैं। लोग सिर्फ एक-दूसरे को लेबल और अपनी अवधारणाओं में रखना चाहते हैं क्योंकि इससे उन्हें चीजों को आसान बनाने में मदद मिलती है लेकिन सच्चाई यह है कि अभिनय और रचनात्मकता को बांधकर नहीं रखा जा सकता। एक अभिनेता के रूप में, मैं किसी विशेष माध्यम से संबंधित नहीं हूं। मेरे लिए, असली जीत यह होगी कि मैं किसी भी माध्यम में उस क्षमता में योगदान करने में सक्षम हूं जिसकी प्रोजेक्ट को आवश्यकता हो। टीवी एक्टर या ओटीटी एक्टर कहलाने में कुछ भी गलत नहीं है, मुझे लगता है कि यह हमारी क्षमता के लिए बहुत ही सीमित है। प्रतिभा उन्हें परिभाषित करती है न कि उनके माध्यम को। वर्क फ्रंट की बात करें तो, रिद्धि अपकमिंग फिल्म जवान और टाइगर 3 के साथ बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज असुर 2 और बरुण सोबती के साथ एक अनटाइटल रोमांटिक वेब शो में दिखाई देंगी।

# प्रियंका के सिटाडेल का रीमेक नहीं है वरुण सामंथा की सिटाडेल



सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही प्राइम वीडियो की स्पाई थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल के भारतीय संस्करण में नजर आएंगी। उनके साथ वरुण धवन भी नजर आएंगे। उनके प्रशंसकों में से एक ने सोचा कि क्या लोग भारतीय संस्करण देखेंगे, यह देखते हुए कि प्रियंका चोपड़ा का गढ़ पिछले महीने विभिन्न भारतीय भाषाओं में प्रीमियर हुआ था। सामंथा ने प्रशंसकों को याद दिलाया कि भारतीय संस्करण रीमेक नहीं है। समांथा रुथ प्रभु ने प्रशंसक को याद दिलाया कि उनका शो प्रियंका चोपड़ा के इसी नाम के वेब शो का रीमेक नहीं है, बल्कि एक भारतीय संस्करण है।

सामंथा ने हाल ही में अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें पोस्ट की हैं। पोस्ट के कमेंट सेक्शन में, उनके प्रशंसकों में से एक ने लिखा, मेरा एक सवाल है कि प्रियंका के शो सिटाडेल और आपका शो एक ही कहानी है ? मैं क्यों पूछ रहा हूं कि प्रियंका के सिटाडेल को सभी भारतीय भाषाओं में डब किया गया है ... इसलिए यदि आप भी इसी शो को बना रहे हैं तो भारतीय दर्शकों के लिए एक ही कहानी तो कई लोग पहले ही इसे देख चुके होंगे। मैं थोड़ा भ्रमित हूं ... क्या आप स्पष्ट कर सकते हैं कि यह वही है या अलग है?

समांथा ने टिप्पणी का जवाब देते हुए लिखा, यह रीमेक नहीं है ! सामंथा के एक अन्य प्रशंसक ने भी यह सब समझाया और लिखा, सिटाडेल मेन सीरीज में विभिन्न देशों में अलग-अलग स्पिन-ऑफ हैं। और स्पिन-ऑफ कास्टिंग में से एक में सामंथा और वरुण की जोड़ी है जो भारतीय स्पिन-ऑफ है। इसमें स्पेनिश है, इतालवी और मैक्सिकन स्पिन-ऑफ भी जो मुख्य श्रृंखला के समानांतर चलते हैं और मुख्य श्रृंखला के साथ बहुत कम या कोई विलय नहीं होता है। आशा है कि यह आपके प्रश्न को स्पष्ट करता है! सिटाडेल के भारतीय संस्करण को द फैमिली मैन निर्देशक-जोड़ी राज निदिमोरु और कृष्णा डीके निर्देशित कर रही है, जिनके साथ सामंथा ने द फैमिली मैन-2 में काम किया था।

# डीपनेक आउटफिट में कहर ढाहती नजर आईं एक्ट्रेस श्वेता तिवारी, तस्वीरें देखकर करेंगे खूबसूरती की तारीफ



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपने कूल अंदाज से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। डीपनेक व्हाइट क्रॉप टॉप में एक्ट्रेस ऊपर से ब्लैक कोट कैरी किए हुए हैं। साथ ही छोटी स्कर्ट को पहन रखा है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी इस आउटफिट के साथ ज्वैलरी पहने नजर आ रही हैं। उनकी ग्लैमरस अदाएं देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। मिनिमल मेकअप और लाइट कर्ली हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी कहर ढाहती नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। तीखी निगाहों के साथ एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपने फैंस पर बिजलियां गिराती नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी एक्ट्रेस पलक तिवारी की मां हैं। दोनों को देखकर कोई मां बेटी को पहचान नहीं पाएगा। कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने छोटे पर्दे के कई सीरियल्स और टीवी शोज में काम किया है। श्वेता तिवारी के लुक्स को देखकर लोग उन्हें हुस्न की मलिका या परी बुलाते हैं। श्वेता तिवारी आज भी इतनी खूबसूरत हैं कि फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं। उनके फैंस कमेंट्स कर रहे हैं कि एक तिवारी, सब पर भारी।

# जोरम से सामने आया मनोज बाजपेयी का लुक, सिडनी फिल्म फेस्टिवल में होगी प्रदर्शित

जहां साल की शुरुआत दुनियाभर के प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह के साथ हुई, वहीं अब अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का दौर शुरू हो गया है। बीते कई दिनों से अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी की कान्स में स्क्रीनिंग की चर्चा है। अब मनोज बाजपेयी की फिल्म जोरम के सिडनी फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने की खबर आई है। अभिनेता जीशान आयूब ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अपना और मनोज का लुक भी शेयर किया है।

जीशान आयूब ने इंस्टाग्राम पर जोरम से अपना और मनोज का लुक शेयर किया है। तस्वीर में जीशान एक पुलिसवाले के रूप में नजर आ रहे हैं। मनोज एक बच्चे को लेकर किसी से छिपते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों के ही हाव-भाव फिल्म के लिए आपकी दिलचस्पी बढ़ाने वाले हैं। इन तस्वीरों के साथ जीशान ने लिखा, जोरम यहां है और सिडनी फिल्म फेस्टिवल में दुनिया को हैरान करने के लिए तैयार है।

देवाशीष मखीजा द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। फिल्म एक विस्थापित पिता की कहानी है, जो अपनी बच्ची के साथ अपनी जान बचाने की कोशिश कर रहा है। यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने अतीत और वर्तमान के बीच फंसा हुआ है। उसके पुराने कारनामे उसके वर्तमान को बर्बाद कर रहे हैं। फिल्म में तनिष्ठा चटर्जी और राजश्री देशपांडे भी नजर आएंगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जिले में हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा निर्देशन में 13 मई 2023 को जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला न्यायालय सूरजपुर के सभा कक्ष से जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सूरजपुर श्री गोविन्द नारायण जांगड़े, व अधिकारीगण द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। लोक अदालत में प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक रूप से एवं वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दोनो मुख्य माध्यमों से मामलों में सुलह की सुविधा प्रदान की गई। वहीं इस लोक अदालत में जिला चिकित्सालय सूरजपुर से समन्वय स्थापित कर चिकित्सा जांच की व्यवस्था कराई गई थी। जिसमें 300 से अधिक पक्षकारों ने चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त किया। हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में वर्षो से लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहारवाद, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, जिला न्यायालय में लंबित राजस्व प्रकरणों एवं बैंक ऋण, विद्युत, जल के बकाया देयकों का प्री लिटिगेशन, यातायात के सामान्य मामलों को नेशनल लोक अदालत में रखा गया। लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले में कुल 29 खण्डपीठ गठित किये गये थे। हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत में समस्त न्यायालयों से 642 लंबित प्रकरण एवं 6281 प्री-लिटिगेशन प्रकरण विचारार्थ में रखे गये थे। जिसमें कुल 1140 प्रकरण के पक्षकारों में आपसी समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण कर कुल 22738990 रुपये का जिला सूरजपुर द्वारा अवार्ड पारित किया गया।

### रायपुर जिला खनिज न्यास निधि, जिला प्रशासन, नगर निगम व स्मार्ट सिटी की अभिनव पहल

**रायपुर।** टैटू (गोदना) कला, एक्टिंग, रंग मंच, फिल्म मेकिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग जैसी विधाओं के जरिए कैरियर बनाने के इच्छुक स्थानीय कलाकारों को गहन प्रशिक्षण प्रदान करने रायपुर में जिला खनिज न्यास निधि से वित्त पोषित कौशल उन्नयन कार्यक्रम की शुरूआत 18 मई से हो रही है। इसके तहत तृतीय लिंग समुदाय, सफाई कामगार सहित शहर के जरूरतमंद परिवारों के कलाकार रोजगारोन्मुखी विधाओं संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त कर स्व-रोजगार से जुड़ेंगे। रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नगर निगम रायपुर, शहरी आजीविका मिशन, रायपुर स्मार्ट सिटी लि. मिलकर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन करेंगे। दो दिवसीय कार्यशाला शहीद स्मारक भवन में 18 मई को सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें गहन प्रशिक्षण के अगले चरणों के लिए प्रतिभागियों का चयन होगा। कला विधा की बारीकियों से अवगत कराने कौशल उन्नयन कार्यक्रम की शुरूआत पहली बार रायपुर में की जा रही है। इसके अंतर्गत अपनी नैसर्गिक या पारंपरिक कला के जरिए जीविकोपार्जन के इच्छुक कलाकारों को गहन प्रशिक्षण प्रदान करने रूपरेखा तैयार की गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत परंपरागत गोदना कला को बढ़ावा देने व इस विधा से जुड़े कलाकारों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी आय बढ़ाने की भी योजना है।

### रेल्वे इंस्टीट्यूट के समर कैंप में 100 से अधिक बच्चों को बालोद पुलिस ने जागरूकता किया

**दल्लीराजहरा।** 12 मई को पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर मार्गदर्शन मे एवं श्रीमती गीता वाधवानी उप पुलिस अधीक्षक, कर्ण कुमार उके नगर पुलिस अधीक्षक दल्लीराजहरा के नेतृत्व में निरीक्षक दिलेश्वर चन्द्रवंशी, सायबर सेल प्रभारी के पर्यवेक्षण में रेल्वे इंस्टीटयूट दल्लीराजहरा के नि:शुल्क समर कैंप में सम्मिलित होने वाले 100 से अधिक बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से गुड टच, बैड टच, बच्चो का शोषण, पोस्को एक्ट एवं सायबर ठगी संबंधी अपराध को काटून फिल्म व स्लाइड के जरिये दिखाकर जागरूक किया गया।

समर कैम्प में बच्चों को किशोर न्याय अधिनियम 2015 लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट 2012) मानव/बाल तस्करी के संबंध में जानकारी, सखी सेंटर महिलाओं की सुरक्षा संरक्षण, व घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, चाइल्ड हेल्फ लाईन नं. 1098 की जानकारी साझा किया गया ,साथ ही साथ साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया लोन एप्स साइट, फेसबुक मैसेंजर, व्हाट्सएप के जरिए अश्लील वीडियो काल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ऑनलाईन फ्राड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नं सीवीवी नंबर ओटीपी नंबर, शेयर नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव एवं साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं. 1930 पर कॉल करने के लिये बताया गया।

# सीएम बघेल ने तारबहार में किया इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

- इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन
- एक ही स्थान से नियंत्रित होगी बिलासपुर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था
- 523 कैमरों के जरिए रखी जाएगी निगरानी
- शहर की सुरक्षा होगी चाक-चौबंद ट्रैफिक नियम तोड़ने पर सीधे घर पहुंचेगा चालान
- एटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत 173 .41 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित है बिल्डिंग



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान बिलासपुर शहर के लोगों को तारबहार में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने सेंटर में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के कंट्रोल सिस्टम का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस को प्रतीक स्वरूप ई-चालान मशीन भी भेंट किया। एक ही स्थान से नियंत्रित होगी बिलासपुर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बिलासपुर स्मार्ट लिमिटेड द्वारा आईटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत 73 करोड़ 41 लाख की लागत से तैयार किया गया है, जिसमें शहरी यातायात का व्यवस्थित संचालन किया जाएगा। 523 आधुनिक कैमरों के जरिए और शहर की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी होगी। ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के घर सीधे चालान पहुंच जाएगा। इसके साथ ही सुरक्षा दृष्टिकोण से नियंत्रण केंद्र के जरिए निगरानी रखी जायेगी। एक ही स्थान से नियंत्रित होगी बिलासपुर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

योजना के तहत शहर में 43 स्थानों में 523 कैमरे के ज़रिए शहर की ट्रैफिक और अन्य चीजों की निगरानी रखी जाएगी, जिसमें 208 सर्विलांस कैमरा, 212 आटोमेटिक नंबर प्लेट रीड(एनपीआर) विशेष कैमरे और 108 एविडेंस कैमरा लगाया गया है। 22 चौक चौराहों के अलावा शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं। योजना के तहत 22 चौक चौराहों पर विशेष ट्रैफिक सिग्नल और पब्लिक एड्रेस सिस्टम (साउंड) भी लगाया गया है। इसके साथ ही शहर के दस प्रमुख स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के तहत ही स्मार्ट एलईडी बोर्ड भी लगाया गया है।

इस योजना के अमल में आने से कोई भी ट्रैफिक नियम तोड़ नहीं पाएगा और अगर कोई ट्रैफिक नियमों को तोड़ता है तो कैमरे के ज़रिए ट्रैस करके ई- चालान ऑटोमेटिक उसके पास पहुंच जाएगा। इसके साथ ही रांग साइड या नो पार्किंग में खड़े वाहनों को भी अलर्ट मैसेज भेजने के साथ ही चालान की कार्रवाई की जा सकेगी।

इसके अलावा सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी यह योजना काफी महत्वपूर्ण है, शहर के अलग-अलग हिस्सों में लगे कैमरे से निगरानी की जा सकेगी। आपदा के समय भी इस सिस्टम के ज़रिए बेहतर काम किया जा सकेगा। किसी भी आपातकाल के लिए इस सिस्टम के ज़रिए व्यवस्था बनाई जा सकेगी। आईटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत शहर भर में लगने वाले विशेष कैमरों के ज़रिए ट्रैफिक सिस्टम तथा अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी और नियंत्रण के लिए तारबाहर थाना परिसर में बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम तैयार किया गया है। यहां से पूरे शहर की निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा आईटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट सिटी कार्यालय के द्वितीय फ्लोर में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का अंतरिम सेंटर तैयार किया गया है।

तारबाहर थाना परिसर में लगभग 40 हजार वर्गफीट जगह में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम में ग्राउंड फ्लोर के अलावा तीन और फ्लोर बनाया गया है, जिसमें से ग्राउंड से सेकेंड फ्लोर तक कमांड एंड कंट्रोल रूम संचालित होगा। तीसरे फ्लोर में पुलिस विभाग के साईबर सेल का कार्यालय संचालित किया जाएगा। कमांड एंड कंट्रोल रूम में डिस्प्ले रूम, सर्वर रूम, बैकअप रूम, मीटिंग हाल, कांफ्रेंस हाल तथा टेक्निकल रूम, इसके अलावा ट्रेनिंग रूम भी तैयार किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने मल्टीलेवल कार पार्किंग का लोकार्पण कर शहरवासियों को दी सौगात



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर विधानसभा में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कलेक्टोरेट परिसर में लगभग 25 हजार वर्गफीट में निर्मित मल्टीलेवल कार पार्किंग का लोकार्पण कर शहरवासियों को सौगात दी।

मल्टीलेवल कार पार्किंग से अब ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी।16 करोड़ 88 लाख रूपये की लागत से निर्मित मल्टीलेवल कार पार्किंग में बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर के अलावा दो फ्लोर और बनाया गया है।

जिसमें 257 कार और 333 बाइक पार्किंग की क्षमता है। इस बिल्डिंग में सीढ़ियों के अलावा दो लिफ्ट भी लगाया गया है तथा आपातकाल के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम भी है।

शहर के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त इलाके नेहरू चौक-कलेक्टोरेट और उसके आसपास पार्किंग और ट्रैफिक की समस्या हमेशा से बनी रहती है। सभी शासकीय कार्यालय, न्यायालय इसी क्षेत्र में है इसलिए बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं, बड़ी संख्या में भीड़ आने के कारण इस जगह पार्किंग एक बड़ी समस्या थी, लोगों को पार्किंग और ट्रैफिक की समस्या से जुझना पड़ता था, जिससे अब निजात मिलेगी।

# महिलाओं में मतदान के प्रति जागरुकता लाने अभियान




श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** महिलाओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरुक करने के लिए स्वीप कार्ययोजन के तहत बीएलओ द्वारा मतदान केन्द्रों में नवविवाहिता वधु सम्मान समारोह का आयोजना किया जा रहा है साथ ही आवश्यकतानुसार मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पदुम सिंह एल्मा के निर्देशन में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्रों में नियुक्त बीएलओ नियुक्त किया गया है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ द्वारा विगत तीन वर्षों में विवाह उपरांत आने वाले नवविवाहित वधुओं की सूची तैयार कर सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इन समारोह में नवविवाहित वधुओं का सम्मान करते हुए मतदाता सूची में पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर फार्म 8 के माध्यम से नये स्थान में अपना नाम स्थानांतरित कर सकते हैं तथा नाम दर्ज होने की स्थिति में फार्म 6 भरकर नाम दर्ज करा सकेंगे। मोबाइल में वोटर हेल्प लाइन के माध्यम से या बीएलओ द्वारा या ऑफलाइन फार्म भरकर भी नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। कार्यक्रम में बीएलओ द्वारा नवविवाहित वधुओं एवं उपस्थित नागरिकों को मतदान की शपथ भी दिलाई जा रही है। आयोग की इस पहल को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है तथा निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

# आभार सम्मेलन में स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं पशुपालकों की रही सराहनीय सहभागिता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में सांईस कालेज मैदान रायपुर में आभार सम्मेलन का आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में सभी गौठान के अध्यक्ष एवं सदस्यों को दूसरे नवीन गौठानों से अनुभव साझा करने एवं अपने ही जैसे स्वावलंबी गौठान में रूपांतरित करने में सहयोग करने का अह्वान किया। उन्होंने गौठानों को सम्मानित करने और अन्य गौठानों को शीघ्र ही स्वालंबन की दिशा में अग्रसर करने कहा।**




कार्यक्रम में जिले के स्वावलंबी गौठानों के अध्यक्षों को 750 रूपए प्रतिमाह तथा सदस्यों को 500 रूपए प्रतिमाह मानदेय प्रदान किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले के सभी 151 गौठानों के अध्यक्ष एवं सदस्य, महिला स्वसहायता समूह की सदस्य तथा बड़ी संख्या में गोपालन उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिले की महिला स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार श्रेष्ठ उत्पाद के स्टाल लगाए गए। जिसमें सांकरा गौठान से रागी के पौष्टिक लड्डू, कलकसा गौठान से सीताफल से बने आईस्क्रीम तथा अमलीडीह गौठान के महिला स्वसहायता समूह द्वारा तैयार बेल शरबत और अंबाड़ी शरबत शामिल है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल महिला स्वसहायता समूह द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। कलेक्टर डोमन सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के सतत अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम का गठन भी किया गया था। जिसकी निगरानी अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय तथा डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, तथा सभी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों द्वारा अपने ब्लॉक स्तरीय टीम के साथ आवश्यक प्रयास किया। सहायक संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर की नोडल अधिकारी के रूप में सक्रिय भूमिका रही।

शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजनांतर्गत गांवों की महिला स्वसहायता समूह को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने, गौपालकों को गोधन की सेवा के साथ ही गोबर विक्रय से अतिरिक्त आमदनी अर्जित करने तथा गांव के नवयुवकों को एक जगह ही रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने की परिकल्पना के साथ 20 जुलाई 2020 से गौठान निर्माण एवं गोबर खरीदी की शुरूआत की गई थी। जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी के लिए गौठान प्रबंधन हेतु अध्यक्ष सहित 13 सदस्यों को शामिल कर गौठान समिति का गठन किया गया था। योजना प्रारंभ के बाद से गौठान समिति, महिला स्वसहायता समूह तथा गौपालकों के सामूहिक प्रयास से योजना ग्रामीण आजीविका के केन्द्र बिन्दु के रूप में उभरी है। जिले के 424 गौठानों में से 151 ग्रामीण गौठान तथा 8 नगरीय निकाय के गौठान स्वावलंबी घोषित हो चुके है।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने टॉपर बच्चों से मुलाकात कर प्रोत्साहित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के दसवीं और बारहवीं के टॉपर बच्चों से मुलाकात कर उनको शुभकामनाएं दी। सभी बच्चों को मिठाई खिलाया गया। जिला शिक्षा विभाग की ओर से टॉपर बच्चों का परिचय दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि आपकी वजह से हमारा जिला गौरवान्वित हुआ है।इस जिले में आप जैसे उत्कृष्ट बच्चे हैं। इस सफलता में अकेले बच्चे के साथ माता पिता और शिक्षक का भी योगदान होता है। मैं ईश्वर को धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मुझे आईएएस बनाया।



इस पद में आप भी आ सकते हैं। आप दृढ़ संकल्पित हो तो आपके लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कोई बाधा रोक नहीं सकता। आप केवल दसवीं बारहवीं को ही बेस बनाकर लक्ष्य निर्धारण ना करें। अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित होकर चलिए असफलता मिलेगी लेकिन कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। विषम परिस्थिति में भी अपने लक्ष्य को बहुत लोगों ने प्राप्त किया है। मैंने अपने कैरियर की शुरुआत विवाह के बाद शुरू की है। हम जो पढ़ते हैं और उसी अनुरूप हमारा रिजल्ट भी आता है तो मन को एक विलक्षण खुशी मिलती है। वर्तमान में जो आप लोगों की उम्र है, अभी आपका समय बहुत ही निर्णायक है। चार-पांच साल जिस भी क्षेत्र में अपने समय का योगदान करेंगे वही आपके जीवन का निर्धारण करेगा। हम जिस बैकग्राउंड से आते हैं उसमें हमारा संघर्ष और मेहनत ही हमारे मुकाम तक पहुंचाता है। जिला प्रशासन द्वारा कोचिंग को शुरू की जा रही है। आप लोग दो प्रकार की प्लान बनाएं। एक सफल होने पर और दूसरा सफल नहीं होने पर, दोनों में से कोई एक के आधार पर अपना जीवन यापन करेंगे। अपने पालकों का नाम रोशन करें। मेरे पिताजी को कोई पूछते हैं कि आपकी बिटिया कलेक्टर है तो पिताजी की आंखों में खुशी से आंसू आ जाते हैं। आप अपने पालकों की शान रहे आप अच्छे इंसान बने। हम में और आप में संवेदनशीलता होनी चाहिए। हम दूसरों की मदद करते हैं तो जितनी संसाधन जरूरत होती है उसके बाद भी और संसाधन अपने आप चले आता है। अपने लक्ष्य के लिए इतना मेहनत करो की मेहनत भी शरमा जाए। कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि मैं फिल्म ओम शांति ओम के डायलॉग इतनी शिद्दत से मैंने तुम्हें पाने की कोशिश की है... कि हर जर्रे ने मुझे तुमसे मिलाने की साजिश की है। से मैं बहुत प्रभावित हूं। इसी शिद्दत से हमारे लक्ष्य को पाने के लिए हमारी कोशिश होनी चाहिए।

Jaquar Roca Parryware Wow, what a bathroom! AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# बस से मुंबई व जयपुर भेजा जा रहा था 21 किलो सोना, दुर्ग बस स्टैंड पर पुलिस ने पकड़ा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** रायपुर से दुर्ग पहुंची एक यात्री बस में पुलिस ने एक दो नहीं पूरे 21 किलो सोना पकड़ा। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बस को रोका और जांच की तो पाया कि गांजे की तरह पैकिंग किए हुए 7 पैकेट में 21 किलो सोना है। पुलिस ने सोना जब्त कर उसकी जांच शुरू की तो पता चला कि यह पूरा सोना रायपुर के सर्राफा व्यापारियों का है। वैध दस्तावेजों की जांच के बाद सोना व्यापारियों को सौंपा गया।




मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 3 बजे दुर्ग कोतवाली थाना में सूचना मिली की बस स्टैंड दुर्ग में 2 लोग नवीन ट्रैवेल्स की बस में बैग में सोना लेकर जा रहे हैं। बस के ड्राइवर ने उन्हें रोक कर चेक किया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद दुर्ग कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों व्यक्तियों का बैग जब्त कर थाने पहुंची। जांच करने पर बैग में 7 पार्सल में सोना पाया गया।

सभी पार्सल गांजे की तस्करी की तरह से पैक किया हुआ था। 7 में दो पार्सल खुले पाए गए। कोतवाली पुलिस ने इसका वजन किया जो कुल 21किलो सोने के ज़ेवरात एवं कच्चा सोना पाया गया। जिसकी जांच कर दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की गई। दोनों ने बताया कि रायपुर एवं राजनांदगांव के विभिन्न सराफा व्यापारियों का सोना होना बताया और कागज़ात के साथ सोने को मुंबई, सूरत, कोलकाता एवं जयपुर डिलीवरी करने जाने की बात बताई।

इसके बाद पुलिस ने बताए गए बिल्स व दस्तावेजों का परीक्षण किया। वैध पाए जाने पर दोनों व्यक्तियों को सोना सौंपा गया। पता चला कि कुरियर बंद होने के कारण व्यापारी बस के माध्यम से सोना भेज रहे थे। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने इस तरह के ट्रेवलिंग को लेकर व्यापारियों को सावधान किया। उन्होंने कहा कि कभी इतनी बड़ी मात्रा में सोना बस के द्वारा न भेंजे अन्यथा कोई बड़ी घटना घट सकती है। इतना सोना एक साथ देखकर किसी की भी नीयत डोल सकती है। व्यापारियों को इस तरह की ट्रांसपोर्टिंग से बचने की सलाह दी है।

## खास-खबर



### चलती कार में लड़की से स्टंट कराना पड़ा महंगा: बीएसपी ऑफिसर चला रहा था कार, युवती खिड़की से बाहर निकल मचा रहीं थी शोर

**भिलाई।** दुर्ग जिले में फिर से चलती कार में स्टंट करने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कार एक बीएसपी ऑफिसर चला रहा है और उसकी बेटी कार की खिड़की से बाहर निकल कर स्टंट करती नजर आ रही है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने चालक के खिलाफ 2800 रुपए का चालान काटा है और दोबारा ऐसा न करने के लिए माफी भी मंगवाई है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि दुर्ग ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक नियम को लेकर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। दो तीन दिनों से एक वीडियो सोशल मीडिया में लगातार वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रात के समय एक कार CG 07 BC 5627 वाइ शेप ब्रिज से साइंस कॉलेज की तरफजा रही है। उसकी खिड़की से एक लड़की निकलकर स्टंट करती दिख रही है। कार की पिछली सीट पर बैठा एक लड़का उस लड़की का वीडियो बना रहा है। इसी दौरान बाइक से पीछे चल रहे दो जागरूक युवकों ने इस पूरे वाकये का वीडियो बना लिया और शोसल मीडिया में वायरल कर दिया। जैसे ही इसकी जानकारी दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव को हुई उन्होंने ट्रैफिक डीएसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

#### बीएसपी ऑफिसर ने ऐसा दोबारा न करने के लिए मांगी माफी

ट्रैफिक पुलिस ने जब पता किया तो कार भिलाई स्टील प्लांट के एक अधिकारी की थी। वो अधिकारी खुद कार को चला रहा था। कार में उसके घर के लोग बैठे थे। बीएसपी अधिकारी ने माफी मांगते हुए कहा कि स्टंट करके जो गलती उसने की है वैसी गलती आप न करें और अपने बच्चों को भी न करने दें। ये बहुत खतरनाक स्टंट है, इसमें जान का जोखिम भी हो सकता है।

## दो बच्चों को ले जाने की फिराक में थे बदमाश, ग्रामीणों ने पकड़कर कर दी धुनाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बालोद।** बच्चों को बहाला फुसलाकर अपहरण का प्रयास का मामला सामने आया है। बालोद जिले के चिरचिरी गांव में बच्चों युवक बाइक पर बिठाकर ले जाने का प्रयास कर रहा था। ग्रामीणों ने बच्चों को रोते देखा तो बाइक सवार युवक को रोककर जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार चिरचारी गांव मे घर के बाहर खेल रहे दो मासूमों को बहला कर एक युवक अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रहा था। मौजूद लोगों ने जब ऐसा करते उस युवक को देखा तो उसे ग्रामीण दौड़ाने लगे। फिर भाई युवक भागते भागते कन्नेवाड़ा गांव के पेट्रोल पंप के पास पहुंचा। जहां ग्रामीणों ने उसकी जमकर पिटाई की और फिर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी।

मामले की जानकारी मिलते ही गुरुर थाने की टीम मौके पर पहुंची और युवक को अपने साथ गिरफ्तार कर ले गई। युवक की पहचान सिर्राभाठा निवासी 31 साल के अरविंद ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उस युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक बदमाश किस्म का है और इस वजह से बच्चों को बहला रहा था और अपने साथ ले जा रहा था।

## शराब के नशे में मालगाड़ी के नीचे से पटरी पार कर रहा था युवक, अचानक चली ट्रेन और कट गया पैर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के तहत पुरैना में रेलवे ट्रैक पर बड़ा हादसा हो गया। यहां पर ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से निकलने के चक्कर में युवक हादसे का शिकार हो गया। हादसे में युवक का पैर कट गया। आनन फानन में युवक को शास्त्री अस्पताल सुपेला में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बिहारी मोहल्ला खुर्सीपार निवासी राम दास पुरैना देशी शराब की दुकान के पास चखना सेंटर में काम करता है। शनिवार रात को 9 बजे के बाद वह घर जाने के लिए निकला। बताया जा रहा है कि इस दौरान वह काफी नशे में था। पुरैना के रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी खड़ी थी। उसने नीचे से निकलने का प्रयास किया तभी मालगाड़ी चल पड़ी और हड़बड़ाहट में उसका पैर चक्के में आ गया। इससे उसका पैर घुटने के नीचे से कट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन में युवक को सुपेला के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।

## ताला तोड़कर दो घरों में चोरी, सीसीटीवी फुटेज से दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर (ए)।** शहर के गांधीनगर थाना अंतर्गत सुभाषनगर इलाके में दो सूने मकान में चोरी हो गई। आरोपी ताला तोड़कर एक घर से 21 हजार रुपए कैश और एक गैस सिलेंडर, तो दूसरे मकान से एक गैस सिलेंडर चोरी कर लिए थे। मामला सामने आने पर पुलिस ने जांच की तो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध नजर आए। पुलिस ने बताया कि इसी के आधार पर गांधीनगर इलाके के साई मंदिर रोड निवासी मोहित भारद्वाज को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो उसने अपने नाबालिग दोस्त के साथ दोनों घरों में चोरी करने की बात स्वीकार की।

नाबालिग को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये चोरी का गैस सिलेंडर बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी गए दोनों गैस सिलेंडर और एक हजार रुपए जब्त कर लिया। चोरी के बाकी रकम आरोपियों ने खर्च कर दिया था। पुलिस ने मोहित को न्यायिक रिमांड पर जेल तो नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

## पुलिस की कार्रवाई: बेवा से छेड़खानी की अब भेजा गया जेल

**जांजगीर (ए)।** पति की मौत के बाद बेवा महिला पर बुरी नजर रखने व उसके घर घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पंतोरा चौकी क्षेत्र निवासी महिला के पति की मौत हो जाने पर भाठापारा खैजा निवासी मोनू गोस्वामी (29 वर्ष) बेवा महिला पर बुरी नीयत रखने लगा था।

घटना दिनांक 4 मई को महिला घर में अकेली थी, तो मोनू गोस्वामी उसके घर पहुंच गया और महिला के साथ छेड़खानी करने लगा। इसकी रिपोर्ट महिला ने 7 मई को लिखाई थी। पुलिस ने आरोपी मोनू गोस्वामी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### रायपुर में शख्स की खौफनाक करतूत

## पत्नी की हत्या कर दीवान में छिपा दी लाश, पुलिस को सुना दी झूठी कहानी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में खौफनाक मामला सामने आया है। रायपुर के लालपुर क्षेत्र में एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर उसकी लाश को दीवान में छिपा दिया। जब बदबू आने लगी तो वह पुलिस के पास पहुंचा और पत्नी की किसी किसी के द्वारा हत्या किए जाने की गलत जानकारी दे दी। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद पति को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या की बात मान ली। यहा पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार लालपुर इलाके में कीर्तन साहू अपनी पत्नी बबीता साहू के साथ रहता था। शुक्रवार देर शाम को कीर्तन ने पुलिस थाने पहुंचकर बताया कि उसकी पत्नी की किसी ने हत्या कर दी है। उसने बताया कि वह घर से बाहर था और जब लौटा तो घर में बदबू आ रही थी। बदबू वाले जगह पर दीवान रखा हुआ था और दीवान खोलने पर उसने पत्नी की लाश देखी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दीवान से शव को निकलवाकर पीएम के लिए भेजा।

शुरुआती जांच में पुलिस को कीर्तन साहू पर ही शक हुआ। पुलिस ने कीर्तन से सख्ती बरती तो वह टूट गया और पूरी सच्चाई उगल दी। उसने बताया कि बबीता से उसकी दूसरी शादी की थी। उसने बताया कि वह शराब पीने का आदी है इस बात को लेकर उसका पत्नी बबीता के साथ झगड़ा होता था। 11 मई को भी उसने शराब पी रखी थी और घर पहुंचने पर उसकी पत्नी ने उससे झगड़ा शुरू कर दिया। विवाद बड़ा तो उसने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को दीवान में छिपा दिया। दूसरे दिन उठा तो शव से बदबू आने लगी तो घबरा गया और थाने पहुंचकर झूठी कहानी बता दी।

## फाइनेंस कंपनी के कर्मियों पर देशी कट्टा अड़ाकर लूट, जशपुर पुलिस की गिरफ्त में आए 4 आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जशपुर।** फाइनेंस कंपनी के कर्मियों पर देशी कट्टा अड़ाकर लूट के 2 अलग-अलग मामलों में शामिल 04 आरोपियों को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने इन दोनों मामलों में 2 लाख 28 हजार रुपए की लूट की थी। आरोपियों में दो झारखंड व दो छत्तीसगढ़ के हैं। आरोपियों ने थाना जशपुर क्षेत्र के ग्राम भुडकेला और ग्राम पीड़ी पुलिया के पास घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए आरोपियों में थाना चैनपुर जिला गुमला झारखण्ड निवासी इबरार खान (20), असलम शेख (19), रमजान मियां उम्र (25) व जशपुर निवासी शेख अफजल शामिल हैं। आरोपियों को पकड़ने में चैनपुर थाने की पुलिस का भी सहयोग रहा।

बता दें पहली घटना 19 अक्टूबर 2022 की है। आरोहन फाइनेसियल सर्विसेस लिमिटेड ब्रांच जशपुर के लोन धारको से किस्त का पैसा वसूल करने घनेन्द्र जीत राम जशपुर से चैनपुर झारखण्ड गया था। 67300 रुपए लेकर वापस लौट रहा था इस दौरान भुडकेला शासकीय हाई स्कूल के पास इबरार खान एवं उसका साथी असलम शेख प्रार्थी देशी कट्टा टिकाकर उसके रुपए व मोबाइल आदि लूट लिया था। इसी प्रकार भारत फाइनेस कंपनी के दिलीप कुमार श्रीवास के 29 नवंबर 2022 को लूट हुई थी। जशपुर से चैनपुर झारखण्ड तरफ जाकर किस्त का रकम 1,60,700 रुपए लेकर लौटते समय इबरार खान, असलम शेख और रमजान मिंया ने पीछा कर कट्टा दिखाकर लूट की।

घटना में पतासाजी के दौरान पुलिस को लगभग 6 माह बाद क्लू मिला। दरअसल पुलिस को पता चला कि लूटी गई मोबाइल का इस्तेमाल साईटागरटोली जशपुर निवासी निवासी शेख अफजल कर रहा है। पुलिस ने शेख अफजल को गिरफ्तार किया और कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह मोबाइल फोन उसे उसके भांजे इबरार खान एवं असलम शेख ने दिया था। इसके बाद पुलिस ने इबरार खान एवं असलम शेख को झारखंड से गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की। पूछताछ में दोनों ने लूट की घटना को अंजाम देने की बात बताई। आरोपियों ने बताया कि उन दोनों ने मिलकर शेख अफजल से लूट के लिये देशी कट्टा और गोली मांगकर गए थे। इसी के इस्तेमाल करते हुए दो लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी इबरार खान के कब्जे से एक जिंदा कारतूस एवं लूट के 5700 रुपए, असलम शेख के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकल क्रमांक जेएच 07 एच 3226 व लूट के 4300 रुपए, आरोपी शेख अफजल के कब्जे से घटना में प्रयक्त देशी कट्टा व मोबाइल फोन तथा आरोपी असलम शेख के द्वारा बेचा गया वन प्लस मोबाइल फोन को अनिश अंसारी के कब्जे से जब्त किया गया है। पूरी कार्रवाई में थाना के स्टाफ एएसआई वारले, प्रधान आरक्षक त्रिनाथ यादव, मनोज कुमार सिंह, मिथलेश यादव, आरक्षक नारायण सिंह, विनोद तिर्की, शोभनाथ सिंह, हेमंत कुजूर, राजू लकड़ा, एवं सहायक आरक्षक रवि राम साइबर क्राइम टीम सउनि अंसारी, प्रधान आरक्षक राजू पांडे, नंदू यादव, धिरेन्द्र मधुकर सराहनीय योगदान रहा है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### कामधेनु विश्वविद्यालय में एक दिवसीय देशभक्ति एवं पुराने गीत प्रतियोगिता का आयोजन

**दुर्ग।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग में कुलपति कर्नल (डॉ.)एन.पी.दक्षिणकर के मार्गदर्शन एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. नीलू गुप्ता के नेतृत्व में 10 मई 2023 को 75वीं आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर अंतर महाविद्यालयीन देशभक्ति एवं पुराने (1990 दशक के) गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.आर.के.सोनवणे द्वारा कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ.आर.के.सोनवणे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ.नीलू गुप्ता, डॉ.ए.के.त्रिपाठी दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर उपस्थित थे तथा अनुभवी निर्णायक श्री संतोष कुमार ढीमर एवं श्रीमती विनीता ढीमर गायिका शामिल हुए। कुलसचिव डॉ.आर.के. सोनवणे ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगीत जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है । संगीत कला मन के भावों को प्रकट करने का एक माध्यम है, संगीत किसी भी उम्र के व्यक्ति के तनाव को दूर करने का एक प्रभावी तरीका है। इस कला को अपने जीवन में अपनाकर कई प्रकार के मनोविकारों से बचा जा सकता है। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्था से लगभग 29 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें अधिकारियों की श्रेणी में प्रथम डॉ.शब्बीर कुमार अनंत, द्वितीय डॉ.दीप्ति किरण बरवा एवं तृतीय श्री छविंद्र कुमार पैंकरा तथा छात्र-छात्राओं की श्रेणी में प्रथम वागेस वत्स, द्वितीय तेजस्वी कुमार एवं तृतीय अंजनी मिश्राम एवं श्रेयांश रंगरी रहे। इस कार्यक्रम में डॉ.दुर्गा चौरसिया प्राध्यापक, विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी, क्रीड़ा अधिकारी ए.बी.एस.दीवान, विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सोनाली पृष्ठि एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निषिमा सिंह ने किया।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती

**दुर्ग।** संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ एवं अधिनियम जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के स्वीकृत अधीक्षक, सहायक ग्रेडदू2, सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य पदों की विभागीय भर्ती नियमानुसार राज्य के विभिन्न वर्ग के उपयुक्त भूतपूर्व सैनिकों से भरा जायेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में उपलब्ध है इच्छुक भूतपूर्व सैनिक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से संपर्क कर आवेदन भर सकते हैं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आवेदन 22 मई 2023 तक ही स्वीकार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय दुर्ग में संपर्क किया जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान के लिये 30 मई तक पंजीयन

**दुर्ग।** प्रदेश में शिक्षा, साहित्य, लोक कला, समाज सेवा, स्वच्छता, साहस, स्वास्थ्य, खेल, गायन, अभिनय, आदि विभिन्न क्षेत्रो में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने वाले व्यक्ति / संस्थाओं को छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से सम्मानित किया जावेगा। ईच्छुक व्यक्ति / संस्था, आगामी 30 मई 2023 तक ऑनलाईन पंजीयन कर आवेदन संस्था के ईमेल-राजमोहिनी भवन, मंजूषा निवास, देवीगंज रोड, अम्बिकापुर में डाक माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

# धुलमुक्त होगी सड़क, हुडको में बनाए जाएंगे स्मार्ट रोड और खुर्सीपार की सड़के भी संवरेंगी

## विधायक देवेन्द्र ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सुगम यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी सौगात दी है। इस बार उन्होंने हुडको से लेकर खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कों और अंदरूनी सड़कों का निर्माण और नवीनीकरण कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए उन्होंने शासन से 6 करोड़ की स्वीकृति दिलाई है। इस राशि भिलाई विधानसभा क्षेत्र की सड़कों का उन्नयन और नवीनीकरण कार्य किया जाएगा। हुडको की सड़कों को सोलर ब्लिंकर एवं अन्य कार्य से स्मार्ट बनाया जाएगा। जो दिखने में सुंदर और यातायात के लिए काफी सुविधाजनक होगी।



विधायक देवेंद्र यादव ने आज वार्डवासियों की मौजूदगी में भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ करवाया और जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। भूमि पूजन के दौरान वार्ड के नागरिकों में बड़ा ही उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।सब बहुत खुश थे कि उनकी क्षेत्र के सड़कों का उन्नयन कार्य होगा।

वर्षों से उपेक्षित इन सड़कों को बनाने के लिए पहले के नेताओं ने कभी कोई ध्यान नहीं दिया। लेकिन भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जब मेयर बने तब से ही वे शहर के विकास की दिशा में लगातार प्रयासरत है। आज उनके प्रयास से पूरे हुडको और खुर्सीपार क्षेत्र की तस्वीर बदल गई है। सैकड़ों विकास कार्य किए गए। सड़क, नाली, पानी, बिजली, सफाई सारी चीजों को लेकर उन्होंने प्रयास किया। बच्चों के लिए कॉलेज बनवाएं।

स्कूलों को संधारण कर नया स्वरूप दिया। शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने स्कूलों में भी जरूरी शिक्षण सामग्री व सुविधाएं उपलब्ध करवाई। बच्चों बुजुर्गों के लिए सर्व सुविधा युक्त गार्डन खेल मैदान,तालाबों का सौंदर्यीकरण ऐसे सैकड़ों का विकास कार्य करवाए है।अब वे 6 करोड़ की लागत से सभी सड़कों का कार्य करवाने वाले हैं। इसके लिए वार्ड के नागरिकों ने वरिष्ठ सम्मानित जनों ने जनप्रतिनिधियों ने सभी विधायक देवेंद्र यादव का दिल से आभार जताया और बारंबार उनको धन्यवाद दिया।

इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने हाथ जोड़कर सभी से कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। मैं राजनीति में जनता की सेवा के लिए आया हूं। जब से मैंने महापौर और विधायक की जिम्मेदारी संभाली तब से लगातार विकास कार्य करते आए है। जनता की मांग पर लगातार काम कर रहे है और आगे भी करते रहेंगे।

### स्मार्ट सड़कों पर लगेगा सोलर ब्लिंकर, 1 करोड़ से बनेगी सड़क

हुडको में मुख्य मार्ग का उन्नयन कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। 1 करोड़ की लागत से पूरी सड़क का संधारण किया जाएगा। पूरे भिलाई नगर क्षेत्र की सड़कों को गड्ढे मुक्त किए किए जाएंगे। यही नहीं सभी सड़को पर सोलर ब्लिंकर लगाए जाएंगे जो रातः में जलेंगे। जैसे कि नेशनल हाईवे पर लगे होते है । इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### धूल मुक्त छावनी बनाने की दिशा में पहल

वर्षो से उपेक्षित और जर्जर हो चुकी छावनी की मुख्य मार्ग का भी उन्नयन कार्य किया जाएगी। करीब 3 करोड़ की लागत से यह सब विकास कार्य होगा। इसमें 2 करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण किया जाएगा और 1 करोड़ की लागत से पाथवे बनाया जाएगा। इससे धूल से राहत मिलेगी। श्रीराम चौक खुर्सीपार से क्रांति मार्केट रोड का उन्नयन कार्य 1 करोड से किया जाएगा। साथ ही विधानसभा के आंतरिक सड़कों का मरम्मत भी किया जाएगा।

# आवारा मवेशियों को पकड़ने निगम ने चलाया अभियानःपकड़े गये 40 आवारा पशुओ को गौठान में पहुचाया



श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर रोका छेका संकल्प अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए नगर निगम दुर्ग, भिलाई, भिलाई -चरौदा, नगर पालिका परिषद कुम्हारी एवं नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा संयुक्त रूप से तिथिवार कार्यवाही की जाएगी।

रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए महाअभियान चलाया चलाया गया। दुर्ग निगम, भिलाई निगम, रिसाली निगम एवं भिलाई चरोदा निगम व कुम्हारी नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम द्वारा सभी निकायों में तिथिवार आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चला रही है। इस अभियान की शुरुआत शुक्रवार से दुर्ग में हो चुकी है और 40 आवारा पशुओं को पकड़ कर पुलगांव स्थित गोकुल नगर गौठान व धमधा रोड नया गंज मंडी गौठान भेजा गया है।रविवार अवकाश होने के कारण 15 मई दिन सोमवार को आवारा पशुओ को पकड़ने का अभियान चलाया जायेगें। इस प्रकार तिथिवार से पांचों निकायों में अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर अतिक्रमण अधिकारी शिव शर्मा के अलावा टीम अमला मौजूद रहें। आज से चलाये जा रहे विशेष अभियान गया नगर,और रायपुर नाका से लेकर पुलगांव तक सहित विभिन्न क्षेत्रों के भीतरी इलाकों से आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई की गई है।दुर्ग, रिसाली एवं भिलाई चरोदा कुम्हारी में भी इसी प्रकार से अभियान चलाया जाएगा। आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देश आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने दिए हैं। रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशी को पकड़ रहे हैं। काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे गौठान में छोड़ा जा रहा है।

# डॉ. वी वी पाटणकर की पुण्यतिथि पर जनसंघ के पुराने नेता जुटे भाजपा कार्यालय में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में भारतीय जनसंघ के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष और संस्थापक डॉ. वी. वी. पाटणकर की पुण्यतिथि जिला भाजपा कार्यालय में बनाई गई। इस अवसर पर जनसंघ के जुझारू और कर्मठ वयोवृद्ध नेता स्वारथ लाल ताम्रकार, राजेंद्रकांत जोशी, बाबूलाल चंद्राकर, एस के चौहान, गोवर्धन जायसवाल, डोमार चंद्राकर के साथ-साथ स्वर्गीय डॉ. वी वी पाटणकर के भतीजे अधिवक्ता राम पाटणकर एवं डॉ. शरद पाटणकर, पूर्व सांसद मोहन भैया के पुत्र मनोज जैन, जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने उनकी आगवानी की। इस दौरान भाजपा कार्यालय में जनसंघ के नेता मंचासीन रहे और जिला भाजपा अध्यक्ष सहित समस्त भाजपा नेता श्रोता बनकर मंच के समक्ष नीचे बैठे।

डॉ. वी. वी. पाटणकर की पुण्यतिथि के अवसर पर जुटे जनसंघ के पुराने वयोवृद्ध नेताओं ने अपने संघर्ष के दिनों की गाथा भाजपा के कार्यकर्ताओं को सुनाई। उन्होंने बताया कि अविभाजित मध्यप्रदेश में भारतीय जनसंघ की पहचान बनाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था और जब तक प्रथम प्रदेश अध्यक्ष दुर्ग से डॉ. वी. वी. पाटणकर बने तो उन्होंने चुनौती को स्वीकार किया। 50 और 60 के दशक में जब दुर्ग जिले में गिनती के डॉक्टर हुआ करते थे उस समय डॉ. वी. वी. पाटणकर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्धनों और वंचितों का न केवल निशुल्क इलाज करते थे बल्कि उन्हें निशुल्क दवा भी मुहैया करवाते थे। डॉ. वी. वी. पाटणकर आपातकाल में मीसाबंदी भी रहे।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, देश में लगातार 9 साल से पूर्ण बहुमत की सरकार है 20 से ज्यादा राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, सबसे ज्यादा सांसद, सबसे ज्यादा विधायक, सबसे ज्यादा महापौर सबसे ज्यादा जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा से हैं। आज भाजपा देश की राजनीति के शिखर पर है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल - भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 में अपने आदर्श इस्पात ग्रामों में 29 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सफ्लतापूर्वक किया गया। इन शिविरों में मरीजों की निःशुल्क जांच करके आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया जाता है।



इन शिविरों का हजारों लाभार्थियों ने लाभ प्राप्त किया। जिसमें कुल 1349 मरीजों की जांच करके उनको उचित सलाह के साथ दवाइयों का वितरण भी किया गया। इसमें लाभ प्राप्त करने वाले मरीजों में 516 पुरुष, 610 महिलाएं तथा बच्चों की संख्या 223 रही। इन स्वास्थ्य शिविरों को पीपरछेड़ी, पाउवारा, चेतवा, दनिया, जंजगीरी, कनारी, भरदा, बोरिगरका, चगोरी आदि इस्पात ग्रामों में आयोजित कराये गए।

सीएसआर विभाग द्वारा संयंत्र के खदान (माइंस) के आसपास के क्षेत्रों में भी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया है। कोरोनाकाल के कारण इन स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ महामाया खदान (माइंस) द्वारा नवंबर 2022 को किया गया। इसके बाद से अबतक कुल 05 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें अब तक कुल 664 मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इसमें लाभ प्राप्त करने वाले मरीजों में 222 पुरुष, 190 महिलाएं तथा बच्चों की संख्या 252 रही। इसी कड़ी में दुल्की खदान द्वारा भी नवंबर 2022 से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की शुरुआत हुई। जिसमें अब तक कुल 244 मरीज लाभान्वित हुये हैं। इसमें लाभ प्राप्त करने वाले मरीजों में 65 पुरुष, 130 महिलाएं तथा बच्चों की संख्या 49 रही। हीर्री खदान ने भी 2023 में अब तक कुल 05 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन किया है। जिसमें अब तक कुल 642 मरीजों ने इस शिविर का लाभ प्राप्त किया है जिसमें 360 पुरुष तथा 282 महिला मरीजों ने लाभ प्राप्त किया है।

# कर्नाटक में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलने पर मिठाई बांटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कर्नाटक विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को ऐतिहासिक जीत के साथ पूर्ण बहुमत 138 सीट जीतने पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसानगर ने सुपेला चौक में फटका फोड़ कर मिठाई बाटकर जश्न मनाई गई । कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, के नारा बुलंद किया। भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर ने भिलाई नगर निगम के सभापति गिरवर बंटी साहू,राज्य खाद्य आयोग सदस्य राजेन्द्र महिलांग, ब्लाक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसानगर के अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप ,रामा विश्वकर्मा,निगम के एमआईसी मैम्बर



लालचंद वर्मा चंदशेखर गवई, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्य पार्षद रविशंकर कुर्वे, सुमन सागर सिन्हा, निरंजन बिसाई,राजू साहू, कर्मचारी यूनियन के दुर्गेश ताम्रकार,यशवंत साहू, नरसिंग नाथ ,युवा कांग्रेस से मो शोयब खान, ब्लाक महामंत्री ईस्माइल खान, अजय शिव बावरिकर, फारुख खान, ललित पाल,इसराइल कुरैशी, छाया पार्षद शमशेर सिद्दीकी, बलदाऊ पिपरिया,कन्हैया चुरहे, पिंकी वर्मा,विनोद यादव,मेरिक सिंग,अब्दुल ताहूर पवार,राजकुमार चौधरी, बीएस बोरकर,रफीक खान, हरिशंकर साहू, उमाशंकर साहू, वाशु पांडेय विक्की कुरैशी,नवाब खान, अशोक रामटेके,भानु प्रताप जांघेल, विक्की दुबे, भरत टंडन,, आजाद अली आंसारी,श्रीमती चम्पा बारले ,सहित कांग्रेस के जिला एवम ब्लाक के कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर बधाई दी ।

### उपयोगिताएं जोन के अधिकारी व कर्मचारी, पाली तथा कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार समारोह में उपयोगिता जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पाली शिरोमणि तथा कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस संदर्भ में दिनांक 12 मई 2023 को आयोजित कार्यक्रम में जनवरी से मार्च 2023 तिमाही में अति उत्तम कार्य प्रदर्शन के लिये महाप्रबंधक (प्रोपेन प्लांट)रमेश प्रसाद अहिरवार को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। इसी क्रम में फरवरी 2023 माह के लिये आरिफुद्दीन कुरैशी, जल प्रबंधन विभाग एवं मार्च 2023 माह के लिये रामाशीष, एस सी डब्ल्यू ई विभाग को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी ने की। कार्यक्रम में उपस्थित महाप्रबंधक एम वेंकटेश बाबू, महाप्रबंधक एस के क्षत्री,वाले शिरोमणियों के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को सराहा गया।

### आयुष्मान कार्ड भी बनाये जा रहे है,आधार कार्ड बनाने के लिए वार्डो में शिविरों का सिलसिला शुरू

# आधार अपडेट के लिए नगर निगम के 60 वार्डो में दो दिवसीय वार्डवार शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने का काम दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम द्वारा डोर टू डोर व आधार कार्ड के साथ साथ आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत आज दिनांक 12 व 13 मई को 855 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया द्य आधार कार्ड का अपडेशन होना जरूरी है।आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के चलते कई लोग आयुष्मान कार्ड से वंचित हो रहे हैं।

इसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम द्वारा 13 मई से आधार कार्ड अपडेशन के लिए 30 मई तक शिविर का आयोजन वार्ड क्षेत्रों में किया जा रहा है।महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने आम नागरिकों से अपील कर कहा कि जिनका आयुष्मान कार्ड/आधार कार्ड नही बना हो शिविर में नजदीक वार्डवार तिथि अनुसार शिविर में पहुँचकर जरूर




बनवाये।निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निगम क्षेत्र के 60 वार्डो के लिए तिथि वार आधार अपडेशन के लिए शिविर लगाने निर्देश दिया गया है।गौरतलब है कि नगर निगम कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर वार्ड वार आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य लगातर किया जा रहा है, कई हितग्राहियो का आधार अपडेशन नहीं होने के कारण आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कतें आ रही है। बता दे कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड होना जरूरी है। राशन कार्ड निगम के क्षेत्र अंतर्गत चॉइस सेंटर में बनाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है।वार्ड 1,2 एवम 56 में आज से उक्त कार्य शुरू किया गया। चंद्रशेखर उच्च माध्यमिक विद्यालय, पंचशीलनगर, 3,4,5शास.प्राथ.शाला बालक गया बाई गया नगर,6, 7,8शास 0प्राथश शाला तिलक बालक शिक्षक नगर,45,46 विवेकानं सभागार,9, 10,11पंडित मोतीलाल नेहरू स्कूल शंकरनगर शीतला मंदिर के पास,12,13,महर्षि दयानंद शंकर नगर पानी टंकी के पास,14,15,16नवीन प्राथमिक शाला सिकोला बस्ती के पास,17,18,मानसभवन शक्ति नगर तालाब के पास,19,20,आदित्य नगर जोन कार्यालय,21,22,शहीदभगत सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय तितुरडीह ,23,24, 25,26,सिधी धर्मशाला स्टेशन रोड,27, 28,29,यादव छात्रावास बांसपारा, 31,32, दिगम्बर धर्मशाला सदर बाजार, 33,34, 35,36 सरदार वल्लभ भाई पटेल शनिचरी बाजार, 37,38,39,सामुदायिक भवन मीलपारा पानीटंकी के पास गंजपारा, 40,41,42,43,44,कसारीडीह प्राथ.शाला सांई मंदिर के सामने, 47,48,शासकीय प्राथमिक शाला नई पुलिस लाईन रायपुर नाका,49,50,जोन कार्यालय बोरसी,51,52 -शासकीय प्राथमिक शाला बोरसी तालाब के पास,53,54,55,शासकीय प्राथ.शाला पोटियाकला सुलभ शौचालय के सामने,57,58 शास.प्राथ.शाला उरला,59,60 शास.प्राथ.शाला कातुलबोर्ड इन वार्ड क्षेत्रों में आधार अपडेशन के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड के लिए शिविर लगाया गया है।

# शहर से होने लगा कचरो का सफाया, सड़क व चौक चौराहों से झिल्ली,पन्नी एवं कचरे का हो रहा है उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र के सड़कों के किनारे से झिल्ली,पन्नी के कचरे का उठाव किया जा रहा है। नगर निगम के सफाई कर्मी प्रतिदिन प्लास्टिक एवं अन्य कचरों का उठाव कर रहे है,जिससे रहवासी क्षेत्रों में कचरे का ढेर समाप्त हो रहा है। स्वच्छता कार्य के तहत निगम प्रशासन शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में जुटा हुआ है, सभी जोन द्वारा टीम बनाकर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



निगम क्षेत्र में कचरे का सफाया करने लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर के सड़कों के किनारे बिखरे हुए झिल्ली,पन्नी के कचरे का उठाव किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि बिखरे हुए प्लास्टिक का कचरा हवा में उड़ने से गंदगी फैलता है। झिल्ली, पन्नी का कचरा नालियों में जाने के कारण पानी निकासी में अवरोध उत्पन्न करता है, जिससे नाली सफाई करने में कॉफी दिक्कत होती है।स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा प्रतिदिन दोनो पालियों की सफाई कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रतिदिन सुबह कचरों के उठाव होने के साथ ही नालियों की सफाई किया जा रहा है।नगर निगम के स्वच्छता कर्मी कचरे का उठाव करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कर रहे है। निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप कार्य करते हुए सड़क, नालियों की सफाई व्यवस्था को दूरूस्त करने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा प्रतिदिन सुबह वार्डों में निरीक्षण कर रहे है तथा सफाई कर्मचारियों व सुपर वाइजरो को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग सफाई कर्मचारी वार्डों में प्रतिदिन गली, मोहल्लों, मुख्य सड़कों व नालियों की सफाई कर रहे हैं। निगम क्षेत्र से कचरा पॉइंट को समाप्त करने का कार्य किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950